चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 81, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 20 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अतीक-अशरफ हत्याकांड में 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

## तीनों शूटर्स को 4 दिन की पुलिस रिमांड, क्राइम सीन रीक्रिएट किया जा सकता है

**प्रयागराजः पुलिस** अभिरक्षा में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या मामले में बुधवार को शाहगंज थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलम्बित किया गया है। इस प्रकरण की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने थाना के प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मियों से पूछताछ की थी। उनकी रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई हुई है। जानकारी के मुताबिक, शाहगंज थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, चौकी प्रभारी नीवां प्रीत पांडेय, दारोगा शिव प्रसाद मौर्या, सिपाही जयमेश कुमार और सिपाही संजय प्रजापति को निलम्बित किया गया है। हत्या की वारदात के बाद निलम्बन की यह पहली कार्रवाई मानी जा रही है। अभी ऐसे कई लोग हैं, जिनके खिलाफ कार्रवाई होनी बाकी है। उल्लेखनीय है कि शाहगंज थाना क्षेत्र में ही कॉल्विन अस्पताल आता है, जहां शनिवार की रात को माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ को मेडिकल के लिए लाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस अभिरक्षा में शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य ने अत्याधुनिक



पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी। तीनों आरोपित पकड़े गए थे। पुलिस अभिरक्षा में हुई हत्या के बाद जांच के लिए एसआईटी टीम गठित की गई है।

**अतीक का करीबी शूटर असाद कालिया गिरफ्तारः** उधर, बुधवार को प्रयागराज पुलिस ने अतीक गैंग के शूटर असाद कालिया को भी गिरफ्तार कर लिया है।

उस पर 50 हजार का इनाम था। असाद कालिया को अतीक गैंग का फाइनेंसर बताया जाता है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है।

**नैनी जेल से प्रतापगढ़ जिला जेल शिफ्ट किया गया थाः** तीनों हमलावरों को पहले प्रयागराज की नैनी जेल में रखा गया था, लेकिन अतीक का एक बेटा अली भी नैनी जेल में है, लिहाजा गैंगवार की आशंका के चलते तीनों हमलावरों को प्रतापगढ़ जिला जेल शिफ्ट कर दिया गया था।

**अतीक-अशरफ को शहीद बताने वाले गिरफ्तारः** महाराष्ट्र के बीड में गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद को शहीद बताते हुए पोस्टर लगाए गए हैं। इस पर विश्व हिंदू परिषद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

# राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को मंजूरी

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने क्वांटम टेक्नोलॉजी आधारित आर्थिक विकास और भारत को इस क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को 6003.65 करोड़ की कुल लागत के साथ 2023-24 से 30-31 तक के लिए राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को मंजूरी प्रदान की। केंद्र सरकार के अनुसार इससे वैज्ञानिक और औद्योगिक शोध एवं विकास कार्यों को मदद पहुंचाई जाएगी। केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय क्वांटम मिशन दुनिया में भारत को एक क्वांटम जम्प (एक लम्बी छलांग) देगा। दुनिया में अभी तक छह देशों के पास इससे जुड़ी तकनीक है। वे आरएंडडी स्तर पर हैं लेकिन भारत इसका उपयोग कर उनकी बराबरी करेगा। उन्होंने बताया कि क्वांटम से जानकारी को तेज व सुरक्षित ढंग से उपयोग में लाया जा सकता है। इस मिशन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर लागू करेगा। इसका उद्देश्य इंटरमीडिएट स्तर के क्वांटम कंप्यूटर का विकास करना है। साथ ही सुरक्षित संचार व्यवस्था तैयार करना है।

**सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर फिर लगाया विंडफॉल टैक्स**

**नई दिल्लीः** अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम में तेजी के बीच सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स (अप्रत्याशित लाभ कर)




में संशोधन किया है।

ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के उत्पादित कच्चे तेल पर लगाया गया 6,400 रुपये प्रति टन का विंडफॉल टैक्स 19 अप्रैल से लागू हो गया है। हालांकि, डीजल के निर्यात पर शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया गया है। सरकार की ओर से मंगलवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार ओएनजीसी जैसी कंपनियों के उत्पादित कच्चे तेल पर अब 6,400 रुपये प्रति टन का विंडफॉल टैक्स लगेगा। इससे पहले सरकार ने चार अप्रैल को देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 3,500 रुपये प्रति टन से घटाकर शून्य कर दिया था। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत घटकर 75 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आना था। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की अधिसूचना के मुताबिक डीजल के निर्यात पर लागू कर को 50 पैसे प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है।

इसके साथ ही एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क शून्य बना रहेगा।

पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क भी पहले से शून्य है। इसका मतलब है कि अप्रत्याशित कर केवल घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर पर ही लगेगा। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर ईंधन पर विंडफॉल टैक्स की दरों की हर पखवाड़े समीक्षा की जाती है। सरकार ने एक जुलाई, 2022 से कच्चे तेल के उत्पादन और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाया था। इससे बीते वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है।

## संसद के अगले सत्र में पायरेसी पर लगाम के लिए विधेयक लाएगी केन्द्र सरकार

**नई दिल्लीः केंद्र** सरकार आगामी संसद सत्र में पायरेसी (ऑडियो, वीडियो और अन्य सामग्री की अवैध नकल तैयार करना) पर लगाम लगाने के लिए सिनेमैटोग्राफ एक्ट 2023 से जुड़ा विधेयक लाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को सिनेमैटोग्राफी एक्ट में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज भारत दुनिया में अपने फिल्म उद्योग के जरिए एक विशिष्ट छाप छोड़ रहा है। यह फिल्म जगत से जुड़ा एक बड़ा निर्णय है। पायरेसी न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में कलाकारों के लिए एक चुनौती बनी हुई है। एक अच्छी सामग्री तैयार करने में कई लोगों की मेहनत होती है, जिस पर पायरेसी के चलते पानी फिर जाता है। बहुत समय से इससे जुड़ी मांग और अन्य विषयों पर सुझाव प्राप्त हो रहे थे ताकि कार्य करने में आसानी हो। उन्होंने बताया कि सिनेमैटोग्राफ एक्ट को 2019 में राज्यसभा में पेश किया गया था। बाद में स्थायी समिति से इस संबंध में सुझाव प्राप्त हुए। इसके अलावा लोगों से सुझाव मिले, दुनिया के विशेषज्ञों से सुझाव लिये गए और सभी हितधारकों से बातचीत करके यह विधेयक लाने का काम किया गया है।

# देश को 2047 तक नशामुक्त बनाना हमारा लक्ष्य : शाह

**नई दिल्लीः केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सभी के साझा प्रयास से हम देश को वर्ष 2047 तक नशामुक्त बनाएंगे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए साझा प्रयास की जरूर है। हमें मिलकर इस संकल्प को पूरा करना है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नशा किसी भी देश को खोखला कर




देता है। हमें नशा के खिलाफ खड़ा होना है। नशा मुक्त भारत के इस अभियान को हमें जन-आंदोलन बनाने की जरूरत है।

## दो माल गाड़ियों के बीच भिड़ंत

**अनूपपुरः दक्षिण पूर्व** मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के शहडोल उपमंडल के सिंहपुर (मप्र) रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह दो माल गाड़ियों में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक लोको पायलट की मौत हुई है और चार लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक लोको पायलट तथा अन्य कर्मचारी हैं। हादसे में मालगाड़ी के नौ डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

हादसा सुबह तकरीबन 7.15 बजे हुआ।

इसके बाद उक्त रेल लाइन पर यातायात बाधित हो गया है। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार घटना किस तरह हुई, यह जांच के बाद ही बताया जा सकेगा। घटना बड़ी है, जिसकी जांच की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक इस रूट पर यातायात बाधित है, जिसके कारण कटनी और बिलासपुर की ओर से आने जाने वाली ट्रेनों वह माल गाड़ियों को रोका गया है।

# निकाय चुनाव में मायावती ने प्रचार-प्रसार से बनायी दूरी



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए लगभग सभी राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। इसी के साथ प्रचार-प्रसार भी तेज हो गया है। राजनीतिक गलियारों से आ रही खबर पर यकीन करें तो बसपा प्रमुख मायावती ने इस चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारे जरूर हैं लेकिन उनके प्रचार के लिए वे खुद प्रचार के मैदान में उतरने नहीं जा रही हैं। इससे जहां बसपा के उम्मीदवारों की पेशानियों पर बल पड़े हुए हैं, वहीं अन्य प्रतिद्वंद्वी दलों की बांछें खिली हुई हैं। कुछ राजनैतिक विशेषज्ञों का मानना है कि दूसरी बार निकाय चुनाव में बसपा मैदान में उतर रही है। पार्टी जिस रणनीति के साथ चुनाव में उतरी है, उसका उन्हें फायदा जरूर मिलेगा।

# एमपीः अवैध रूप से चल रहे मदरसों और संस्थानों की समीक्षा करेगी सरकार

**भोपालः मध्य** प्रदेश में लगातार लम्बे समय से अवैध रूप से चल रहे मदरसों और अन्य संस्थानों में कट्टरता का पाठ पढ़ाने एवं धर्मांतरण (मतान्तरण) करने की शिकायतें आ रही हैं। इसे लेकर पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर-एससीपीसीआर) भी काफी सक्रिय नजर आ रहा है। अब तक जिन भी अल्पसंख्यक संस्थानों में इन दोनों बाल आयोगों का जाना हुआ है, वहां तमाम गड़बड़ियां पकड़ में आई हैं। कहीं अल्पसंख्यक संस्थानों में शराब, कॉन्डम मिल रहे हैं तो कहीं मानव भ्रूण, बिना मान्यता, डायवर्जन के स्कूल संचालन, धर्मांतरण का सामान और तालिमुल इस्लाम जैसी किताबें, जिसमें कि राज्य में मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम-2021 लागू है। ऐसे में अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी ऐसी सभी संस्थाओं के प्रति सख्ती बरतने का निर्णय कर लिया है। दरअसल, इस संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में वर्चुअली आयोजित लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा बैठक में सख्त नजर आए।

# शिवराज सरकार में भगवान तक का घर सुरक्षित नहीं: कमलनाथ

**भोपालः रायसेन** जिले में स्थित प्रसिद्ध कंकाली माता मंदिर में दो दिन पहले चोरी की नियत से घुसे बदमाशों द्वारा मंदिर के पुजारियों पर हमले की घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिवराज सरकार में इंसान ही नहीं, भगवान भी सुरक्षित नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया है। कमलनाथ ने



बुधवार को ट्वीट कर घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि रायसेन जिले के कंकाली माता मंदिर में जिस तरह से चोरी हुई और दो पुजारियों के ऊपर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया, उससे पता चलता है कि शिवराज सरकार में इंसान के घर से लेकर भगवान तक का घर सुरक्षित नहीं है।

## जनसंख्या 142 करोड़ के पार; चीन के मुकाबले हमारी पॉपुलेशन 30 लाख ज्यादा

# भारत दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बना

**न्यूयॉर्कः भारत** दुनिया में अब सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड की रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत में अब चीन के मुकाबले करीब 30 लाख ज्यादा लोग हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत की जनसंख्या 142 करोड़ 86 लाख है। वहीं चीन की जनसंख्या 142 करोड़ 57 लाख ही है। साल की शुरूआत में ही ग्लोबल एक्सपर्ट्स ने अनुमान लगाया था कि 2023 में भारत सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। नए आंकड़ों ने इस पर



मुहर भी लगा दी है। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार एक साल में भारत की जनसंख्या 1.56 फीसदी बढ़ी है।

**1950 के बाद पहली बार भारत की जनसंख्या चीन से ज्यादाः** रिपोर्ट में नए आंकड़े 'डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स' की कैटेगरी में दिए गए हैं। यूएन 1950 से दुनिया में आबादी से जुड़ा डेटा जारी कर रहा है। तब से ये पहला मौका है जब भारत ने जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ा है। पिछले साल जारी एक रिपोर्ट में सामने आया था कि पिछले 6 दशकों में पहली बार चीन की जनसंख्या में गिरावट दर्ज की गई है। चीन में बच्चे पैदा करने की दर भी कम हुई है और वो इस साल माइनस में दर्ज की गई।

**चीन में भारत से ज्यादा जी रहे लोगः** चीन में एवरेज लाइफ एक्सपेक्टेन्सी (जीवन की औसत उम्र) भारत से बेहतर है।



# हार्डवेयर की दुकान में लगी भीषण आग लाखों के सामान हुए जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**




**सोरांव।** क्षेत्र के शिवगढ़ चौराहे पर बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक हार्डवेयर की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते लगभग 15 लाख के सामान जलकर राख हो गए। इस घटना से दुकानदार सहित पूरा परिवार बहुत दुखी है। दुकानदार ने तहसीलदार व मुख्य अग्निशमन अधिकारी को पत्र लिखकर आर्थिक मदद की गुहार लगाया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 11 बजे शिवगढ़ चौराहा पर स्थित हिंदुस्तान पेंट्स के नाम से शिव शंकर साहू पुत्र स्वर्गीय मोहन लाल साहू निवासी प्रसादपुर की दुकान में अचानक धुआं उठने लगा। तभी दुकानदार ने देखा तो दुकान की तरफ दौड़ता हुआ आया। तब देखा कि अंदर सामान धू-धू करके जल रहे हैं। और आग की लपटें आसमान की तरफ उठ रही हैं।आनन-फानन में तुरंत आसपास के लोग आए तथा बगल में स्थित न्यू लाइफ केयर हॉस्पिटल में रखा आग बुझाने वाला सिलेंडर को लेकर आग को बुझाने लगे। लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। सूचना पर सोरांव थाने के क्षेत्रीय दरोगा भूपेंद्र यादव अपनी टीम के साथ मौके पर आए तथा अग्निशमन विभाग को फोन किए। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी संग एक दर्जन फायर ब्रिगेट के लोग आए। तथा लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक आगे बुझी तब तक दुकान में रखा लगभग लाखों का सामान जलकर राख हो गया। वहीं डॉक्टर उदय पटेल व लालचंद पटेल ने बिजली विभाग को फोन कर तत्काल विद्युत को बंद करवाए। इस घटना से दुकानदार व दुकानदार का परिवार बहुत ही दुखी है। यही दुकान मात्र उनका तथा उनके परिवार का जीविका का सहारा रही है। बुधवार की सुबह दुकानदार ने सोरांव तहसीलदार अजीत सिंह व मुख्य अग्निशमन अधिकारी को पत्र लिखकर सरकारी सहायता दिलाने की मांग किया है।

# सेन्ट पीटर्स को एजुकेशनल इंगलिश मिडियम स्कूल में कविता प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजारोड क्षेत्र के सेन्ट पीटर्स एजुकेशनल इंगलिश मिडियम स्कूल जनवार में कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंकिता खेड़ा ने बच्चो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । प्रधानाचार्या श्रीमति अंकिता खेड़ा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें कभी भी कठिनाइयों से डर कर हार नहीं माननी चाहिए। अगर हमें सफलता प्राप्त करनी है तो हमें अपने लक्ष्य के प्रति डटे रहना चाहिये एवं उसे प्राप्त करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए । विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक खेड़ा ने कहा कि विद्यालय के बच्चों में अथाह क्षमता है और उसी क्षमता को ऊजगार करने के लिए विद्यालय समय विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहूंगा।



## न्यूज झरोखा

### रिटायर्ड जजों को सुविधाएं देने के आदेश की अवहेलना में हाईकोर्ट की कार्रवाई, अधिकारियों को हिरासत में लिया



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जजों को सुविधाएं देने के आदेश की अवहेलना मामले में प्रमुख सचिव वित्त एसएमए रिजवी और विशेष सचिव वित्त सरयू प्रसाद मिश्र को न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया है। कल 10 बजे अवमानना आरोप निर्मित करने के लिए हाजिर होने का आदेश दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद की खंडपीठ ने रिटायर्ड जजेज एसोसिएशन की याचिका पर दिया है। अधिकारियों को कस्टडी में ले लिया गया है। छह बजे तक आदेश का पालन करने का दिया समय।

### देशी बम के साथ एनटीपीसी के पास से धरा गया अभियुक्त




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को एनटीपीसी के नजदीक से गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार देशीवबम बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद आरोपी का सुसंगत धाराओं में चालान भेज दिया गया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीपीजीसीएल चौकी प्रभारी गंगाराम सोनकर ने अपनी टीम के साथ बबलू हरिजन पुत्र वासुदेव (निवासी नीबी लोहगरा, बारा) को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड की बाउंड्री वाल के पास से की गई है। बबलू हरिजन के पास से चार जिंदा बम बरामद हुआ है। अभियुक्त के खिलाफ धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### ग्रा पं अ संघ बहादुरपुर के अध्यक्ष बने दिनेश प्रताप सिंह



**सहसों।** विकासखंड बहादुरपुर में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ का बुधवार को चुनाव संपन्न हुआ। संघ की तरफ से ग्राम पंचायत अधिकारी संघ बहादुरपुर का चुनाव बहुत ही सहजता के साथ सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम शंकर तिवारी की अध्यक्षता में कराई गई। जिसमें सहसों के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह को निर्विरोध संघ का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा जिला प्रतिनिधि के रूप में सतीश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रवि कुमार मौर्य, मंत्री शैलेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष शिवांजलि द्विवेदी, आडीटर शिवानी यादव, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार नामित करते हुए बनाए गए। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी पूजा सिंह, रंजना यादव, पंकज कुमार सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवती के साथ की गई आश्लील हरकतें, चार पर मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में मामूली बात को लेकर एक युवती को मारा पीटा गया तथा आश्लील हरकतें करते हुए कपडे फाड दिए गए एंव सोने की बाली नोच लिया गया। पुलिस ने चार के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक युवती का आरोप है कि पड़ोसियों द्वारा मामूली बात को लेकर उसे जम कर पीटा गया आश्लील हरकतें की गई, तथा कान की सोने की बाली नोंच कर जान से मारने की धमकी देते हुए कपडे फाड डाले। युवती ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के विपिन कुमार सिंह, ऋचा सिंह ,श्रेया सिंह, शिखा सिंह के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# आपसी विवाद में दो लोगों को धारदार हथियार से हमला कर किया घायल



**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के भटपुरा गांव में बुधवार की शाम दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई । जिसमें एक पक्ष के पिता पुत्र घायल हो गए । लालापुर के भटपुरा गांव निवासी वंशी प्रजापति (65) और दूसरे पक्ष के विल्ला प्रजापति के बीच किसी बात को लेकर बुधवार की शाम विवाद हो गया । जिसमें विल्ला के पक्ष के लोगों ने वंशी व उसके बेटे को धारदार हथियार से वार करके घायल कर दिया।

# प्रधान प्रतिनिधि ने सतरह लाख खेत दिलवाने के नाम पर किया हजम!

**अखंड भारत संदेश**

**पैसा मांगने पर फर्जी दुराचार में फंसाने की मिली धमकी,फर्जी खतौनी देकर ,जमकर पीटा, शिकायत पर हत्या की मिली धमकी**

**कई साल डर से चुप रहा सीबीआई जांच के बाद भुक्तभोगी को न्याय की उम्मीद जगी कई बार दे चुका है अधिकारियों को तहरीर**

**मऊआइमा।** एक व्यक्ति को खेत दिलवाने के नाम पर पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि ने एक अज्ञात को खडा करके अपनी खाते में सतरह लाख स्थांतरण करा लिया। तथा फर्जी खतौनी दे दिया। बैनामा कराने के लिए बहाना बाजी करने लगा। बाद में धमकी दी कि कई को दुराचार में जेल भेज चुका हूं। दस लाख और दो ताकि फर्जी दुराचार के मुकदमा से बच सको। भुक्तभोगी ने पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि एंव एक अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।उक्त मामला कई वर्ष पुराना है।निरंतर तहरीर देने के बावजूद पूर्व प्रधान दबवा देता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहन का पूरा घीनपुर निवासी शिव बहादुर पटेल पुत्र राम चरन पटेल का परिवार गांव में रहता है तथा वह रोजी रोटी के सिलसिले में गुजरात में रहकर घर पर पैसा भेजता रहता था। शिवबहादुर पटेल का कहना है कि कई वर्ष पूरे वह अपने भाई पूर्णमासी से खेती किसानी के लिए जमीन खरीदने का जिक्र किया। धीरे धीरे बात गांव में पहुंच गई और चर्चा बन गई। शिवबहादुर का आरोप है कि उसके गांव के पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि ने उनसे कहा कि उनके परिचित का एक आदमी है। चार बीघा के लिए सतरह लाख लेगा। उसे बुला कर खतौनी देखाई। फिर सत्तरह लाख रुपये पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि ने अपने बैंक खाते में स्थान्तरण करवा लिया। शिव बहादुर पटेल का आरोप है कि वह जब जब खेत बैनामा कराने की बात करता पूर्व प्रधान टाल मटोल करता रहा। एक दिन वह खतौनी लेकर तहसील सोरांव गया। जांच करवाई तो पता चला कि कूटरचित, फर्जी खतौनी है। यह सुनकर शिवबहादुर पटेल बेहोश हो गये। किसी तरह घर आकर सब को बताया। शिव बहादुर का आरोप है कि जब वह पैसा मांगने गया तो उसे जम कर पीटा गया गालियां दी गई और यह धमकी दी कि कई के खिलाफ फर्जी रेप में जेल भेज चुका हूं। यदि फर्जी बलात्कार से दोनों भाईयों को बचना है तो दस लाख देकर भूल जाओ यदि जुबान खोले तो हत्या तय है। शिवबहादुर का कहना है कि जब पूर्व प्रधान के खिलाफ फर्जी दुराचार के मुकदमों की जांच सीबीआई करने लगी तो उसे न्याय की उम्मीद बंधी। शिवबहादुर पटेल ने बुधवार को मऊआइमा थाने में पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि राम सजीवन पटेल पुत्र हीरा लाल निवासी मोहन का पूरा घीनपुर तथा एक अज्ञात के खिलाफ जाल साजी फ्राड ,अमानत में ख्यानत, रंगदारी आदि संगीन मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपी पूर्व प्रधान की तलाश में जुटी हुई है।शिवबहादुर का आरोप है कि वह कई बार अधिकारियों को तहरीर दी। परन्तु पूर्व प्रधान दबवा देता था।

# अपील: आचार संहिता का पालन करें और शांति व्यवस्था बनाए रखें

**अखंड भारत संदेश**

## शंकरगढ़ थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पुलिस ने जनमानस से की अपील



**शंकरगढ़।** ईद और निकाय चुनाव के मद्देनजर बुधवार को शंकरगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त संत लाल सरोज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आम जन मानस से शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता के पालन की अपील की गई। एसओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शासन-प्रशासन के द्वारा जारी गाइड लाइन का सभी लोग पालन करें। किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। बताया कि अफवाह फैलाने वालों और शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

ईद व निकाय चुनाव के मद्देनजर आज शंकरगढ़ थाना परिसर में सर्वसमुदाय के धर्मगुरुओं, गणमान्य व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। सबसे पहले स्थानीय लोगों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया। सुझाव मांगे गए। सहायक पुलिस आयुक्त संत लाल सरोज ने सभी से ईंद पर्व को शांति के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बताया कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार की शोभायात्रा, धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा। एसओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सड़क बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन नहीं किया जाएगा। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी लोग आपस में मिलजुलकर त्योहार मनाएं। अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा, उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

पीस कमेटी की बैठक में चौकी इंचार्ज गंगाराम सोनकर, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, प्रवेश यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता, सुधा गुप्ता, राजनाथ दुबे,रोहित केसरवानी,रतन केसरवानी, जय केसरवानी, प्रधान प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह, शेर सिंह, कामता सिंह, सुभाष कुमार, डा मंगलेश, भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी अंजू कोल, सपा चेयरमैन प्रत्याशी कंचन कुमारी, सभासद प्रत्याशी सुशील पांडेय,मनीष केसरवानी, सुजीत केसरवानी, दीपक कुमार, अनूप कुमार, मनोज कुमार, रामपाल, नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया, शालिनी आदि मौजूद रहीं।

### ईद, नगर निगम चुनाव को लेकर झूंसी में हुई पीस कमेटी की बैठक

**झूंसी।** ईद व नगर निगम चुनाव को लेकर झूंसी में पीस कमेटी की बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में एसीपी झूंसी आईपीएस चिराग जैन ने ईद व चुनाव में लोगो का सहयोग मांगा। थाना प्रभारी वैभव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कस्बे तथा ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। एसीपी झूंसी ने कहा कि किसी प्रकार के भड़काऊ पोस्टर या स्पीच से सभी बचे। अगर आपके क्षेत्र में कोई भी त्योहार व चुनाव में अराजकता फैलाने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना दें उस पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे से ईद मनाने व चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की।



# टिकट ना मिलने पर लड़ंगे निर्दलीय चुनाव राकेश : राम जी

**वार्ड 20 से राकेश जायसवाल तथा वार्ड 67 से राम जी मिश्रा लड़ंगे चुनाव**

**नैनी।** निकाय चुनाव कि सरगर्मी बढ़ने लगी है। भाजपा ने अपने प्रत्याशियों कि घोषणा कर दी है, भाजपा समर्पित कार्यकताओं को सभासद प्रत्याशी नहीं बनाये जाने पर कार्यकताओं में रोष व्यापत है। आपको बता दें कि नैनी में वार्ड 67 से राम जी मिश्रा और वार्ड 20 से राकेश जायसवाल का टिकट सूत्रों की माने तो लगभग फाइनल माना जा रहा था, परन्तु भाजपा द्वारा भेजी गई सुची में इन दोनों का नाम नदारत था, इसी तरह से कई वार्ड में ऐसे समर्पित कार्यकर्ता है जिनको टिकट नहीं मिला। जिसके बाद। काजीपुर से राम जी मिश्रा ने कहा कि हमने अपना पूरा जीवन भाजपा के लिए समर्पित कर दिया पर उसके बाद भी ऐसा होना आश्वर्यचकित बात है। चक रघुनाथ से राकेश जायसवाल ने इस मामले में कोई टिप्पणी तो नहीं कि पर निर्दलीय चुनाव लगने का संकेत जरुर दे दिया। सूत्रों कि माने तो निकाय चुनाव में वार्ड 20 चक रघुनाथ से राकेश जायसवाल और वार्ड 67 काजीपुर से राम जी मिश्रा ये दोनों निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे । वहीं आपको बताते चले कि वार्ड 20 से मंगला प्रसाद केसरवानी और वार्ड 67 से दिलीप जायसवाल भाजपा सभासद प्रत्याशी हैं।

### सहायक अध्यापक भर्ती मामले में यूपी सरकार से मांगा जवाब, सुनवाई जुलाई माह में

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती में चयनित की नियुक्ति आदेश का पालन करने की मांग से जुड़ी अवमानना याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इसके साथ ही कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई केलिए जुलाई के प्रथम हफ्ते में पेश करने का निर्देश दिया है।कोर्ट के आदेश पर सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज अनिल भूषण चतुर्वेदी कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आवेदन मांगे गए और लिस्ट तैयार कर सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज को भेजा गया है। 6800 सहायक अध्यापक भर्ती मामले में कुछ अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में याचिका दायर की है। कोर्ट ने पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है। जिस पर अमल किया जा रहा है। जिसपर कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का आदेश देते हुए सचिव की हाजिरी माफ कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अश्विनी कुमार त्रिपाठी की अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। हाईकोर्ट ने 25 अगस्त 2021 को व 20 दिसंबर 2021 को लखनऊ बेंच ने नौ मई 2020 को जारी गलत उत्तर कुंजी को चुनौती देने वाली याचिका पर याचियों को एक नंबर देने का आदेश दिया था।

# डीसी मनरेगा प्रयागराज ने करछना ब्लाक में हुए विकास कार्यों की परखी हकीकत

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** प्रयागराज डीसी मनरेगा कपिल कुमार प्रयागराज विकास खण्ड करछना के अंतर्गत बुधवार को चनैनी ग्राम पंचायत में नव निर्मित अमृत सरोवर एवं अंत्येष्टी स्थल निर्माण कार्य ?की गुणवत्ता परखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए,देखा वही करेहा के गौशाला का भी निरीक्षण किया उसके बाद सोनाई में निमार्णाधीन पंचायत भवन देखने पहुंचे और जरूरी दिशा निर्देश दिया रास्ते में बरदहा ग्रामसभा का अमृत सरोवर देखा और निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को तत्काल वरियता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण कराएं जाने का आवश्यक जरूरी कदम उठाए जाने का निर्देश दिया । तथा गावों में विकास कार्य निरीक्षण के बाद ब्लाक परिसर के मिटिग हाल में ग्राम विकास अधिकारियों, रोजगार सेवक संघ कर्मियों को बैठक के दौरान गांवों में विकास कार्य कार्यों को समय से निस्तारित किए जाने को लेकर निर्देशित किया, बैठक में ? खंड विकास अधिकारी देव कुमार, एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा, सचिव अमित यादव मनीष शुक्ला , कमल सिंह, महेश कुमार,राम रूप सिंह, अमरेश सिंह, प्रीति शुक्ला, राज कपूर गौतम,राम सकल, मनीष कुमार ब्रजेश कुमार द्विवेदी आदि ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय विवि में प्रोफेसर ने छात्र को प्रोटोकॉल तोड़ने पर दी गालियां

**अखंड भारत संदेश**

**मामला सोशल मीडिया पर हुआ वायरल**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग में मोनिर्बा के एक प्रोफेसर अरुण कुमार गर्ग का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे एक छात्र को सजा के तौर पर मुर्गा बनाने के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सुने जा सकते हैं। इसको लेकर उन्होंने बिना शर्त क्षमा भी मांगी है।वहीं वीडियो को लेकर छात्र गुटों ने कहा कि प्रोफेसर किस तरह छात्र की रैगिंग कर रहे हैं और गाली भी दे रहे हैं वह भी तब, जब छात्राएं भी बैठी हुई हैं। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय में वर्तमान की स्थिति यह है कि साधारण छात्रों को थप्पड़ मारा जा रहा है और गाली दी जा रहीं हैं। इसके बावजूद भी छात्रों पर फर्जी एफआईआर और निष्कासन किया जा रहा है।प्रो. अरुण गर्ग ने कक्षा में हुई घटना के घटनाक्रम को बताते हुए बिना शर्त क्षमा मांगी। उन्होंने कहा है कि कक्षा में लड़के आगे की दो लाइन छोड़कर पीछे बैठे थे, निरंतर यह बताया गया था कि आगे से बैठना चाहिये और पीछे के लड़कों को आगे बैठा दिया था। उपस्थिति की शीट पर उन लड़कों के हस्ताक्षर नहीं हो पाये थे जो पीछे से आगे आए थे।उन्होंने कक्षा को हस्ताक्षर करने के लिए रोका। अरुण गर्ग ने कहा कि आपने प्रोटोकॉल तोड़ा है। इस पर विजय कुमार नाम के छात्र ने बहस करना शुरू कर दी और बोला प्रोटोकॉल आपने तोड़ा है हम तो पीछे बैठे थे आपने आगे बुलाया। इस बात पर मेरा रक्त चाप बढ़ गया और मेरे मुंह से अपशब्द निकले जिसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं।

# तपती धूप में घर घर जाकर सर्वे में निकले परिषदीय शिक्षक

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** साक्षरता अभियान के तहत गांव हो या शहर कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए सरकार द्वारा गांव के हर घर में सभी सदस्यों तथा बच्चों के बारे में विस्तृत ब्यौरा इकट्ठा करने के उद्देश्य से सर्वे करा रही है। ऐसे में चिलचिलाती धूप को सहते हुए सत प्रतिशत साक्षरता के लिए परिषदीय विद्यालय के शिक्षक गांव-गांव घर-घर जाकर हाउसहोल्ड सर्वे कर रहे हैं। जिसमें इस सर्वे अभियान में लगे शिक्षक नागेन्द्र मोहन मिश्रा, अजीत सिंह आदि ने बताया कि गांव में घरों में मुखिया सहित अन्य लोगों का विवरण एकत्रित करने के लिए तीन आधारभूत जानकारी ली जा रही है। जिसमें सबसे पहले मुखिया के बारे में उसके बाद 14 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों का विवरण जानकारी ले कर लिखना है। इसके बाद जीरो से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों का विवरण जिसमें शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के विद्यालय सहित अन्य विवरण या यदि शिक्षा के लिए किसी भी विद्यालय में नामांकन नहीं है उसका भी पूर्ण विवरण प्रपत्र में दर्ज किया जा रहा है। शिक्षक ने बताया कि सर्वे का काम पूर्ण होने के पश्चात ऑनलाइन फीडिंग किया जाना है। यह कार्य लगभग एक माह में पूर्ण किया जाना है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी फूलपुर विश्वनाथ प्रजापति ने बताया कि शत-प्रतिशत नामांकन करने तथा कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए यह सर्वे किया जा रहा है।इसके अतिरिक्त जिन बच्चों का नामांकन नहीं हुआ है उनके अभिभावकों को जागरूक करते हुए बच्चे का नामांकन कर विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करना मूल उद्देश्य है। जिससे कोई भी बच्चा निरीक्षक ना रह सके।

## खबर संक्षेप

### 3 साल के बच्चे को फांसी लगाने की कोशिश

**प्रयागराज।** एक युवक ने पारिवारिक कलह से तंग आकर परिवार संग खुदकुशी करने की कोशिश की। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक अपनी पत्नी से झगड़ा किया। इसके बाद गुस्से में आकर दुपट्टे से पंखे में फंदा बनाया। फिर अपने तीन साल के बच्चे को फंदे से लटकाने का प्रयास किया।बताया जा रहा है कि इसके बाद वह अपनी पत्नी व दो अन्य बच्चों को भी फांसी लगा देता। इसके बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेता। हालांकि चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग इकट्ठा हुए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर युवक को जघन्य अपराध करने से रोका गया। पुलिस आरोपी युवक को थाने लेकर आई है।पूरा मामला कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेहरा गांव का है। यहां के रहने वाला छोटू मजदूरी कर परिवार पालता है। घर में पत्नी और तीन बच्चे हैं। माता पिता और बड़े भाई व उनकी पत्नी भी रहते हैं।छोटा का पारिवारिक कलह पत्नी से चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, छोटू अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ रहता है। सास बहू के विवाद के कारण वह टीन शेड डालकर घर के अगले हिस्से में रहता है। वहीं, पत्नी बच्चों के साथ घर के अंदर रहती है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच अतीक व अशरफ की हत्या के तीनों हमलावरों को प्रतापगढ़ जेल से प्रयागराज की सी आई एम कोर्ट लाया गया

अखंड भारत संदेश

### पुलिस को 4 दिन की रिमांड दे दी गई पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी



**प्रयागराज।** तीनों हमलावरों को सुबह सी आई एम कोर्ट सख्त सुरक्षा के बीच लाया गया। तीनों हमलावरों को 17 अप्रैल को नैनी जेल से प्रतापगढ़ जेल में शिफ्ट किया गया था। प्रयागराज में कॉल्विन हॉस्पिटल के बाहर 15 अप्रैल की रात करीब साढ़े 10 बजे तीनों ने पुलिस सुरक्षा के बीच ताबड़तोड़ गोलियां मारकर अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या कर दी थी। इसके बाद तीनों ने सरेंडर कर दिया था। नैनी जेल से प्रतापगढ़ जिला जेल शिफ्ट किया गया था तीनों हमलावरों को पहले प्रयागराज के नैनी जेल में रखा गया था, लेकिन अतीक का एक बेटा अली भी नैनी जेल में है, लिहाजा गैंगवार की आशंका के चलते तीनों हमलावरों को प्रतापगढ़ जिला जेल शिफ्ट कर दिया गया था। अतीक-अशरफ हत्याकांड के तीन दिन बाद बुधवार को प्रयागराज के शाहगंज थाना के 5 पुलिसकरमियों को सस्पेंड कर दिया। एस आई टी की पूछताछ के बाद पुलिस विभाग ने ये ऐक्शन लिया है। जिन पर यह कार्वाई की गई है, उनमें एसओ के अलावा दो सब इंस्पेक्टर और दो कॉन्स्टेबल शामिल हैं। उधर, तीनों हत्यारे लवलेश, सनी और अरुण को प्रयागराज के सी आई एम को्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने पुलिस को 4 दिन की रिमांड दे दी। पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी सीआईएम कोर्ट नंबर 10 में जज दिनेश कुमार गौतम ने रिमांड पर फैसला सुनाया। कहा जा रहा है कि पुलिस ने इसके लिए 100 सवाल तैयार किए हैं। पुलिस को इन आरोपियों के मोबाइल की तलाश है। इनसे यह पता करने की कोशिश की जाएगी की आखिरी वक्त में ये किन लोगों के संपर्क में थे।



### मेजा में विभागीय लापरवाही से बढ़ रहे हादसे

**साल भर ने छह ने गंवाई जान, चार दर्जन से अधिक लोग हो चुके घायल**

**प्रयागराज।** प्रयागराज-मिजार्पुर राजमार्ग पर दिघिया बाजार में लोक निर्माण विभाग ने सड़क के बीच डिवाइडर लगवाया गया था। लेकिन हादसों से बचाव के लिए कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगवाया गया। इससे आए दिन राहगीरों समेत वाहनों को सड़क हादसे का शिकार होना पड़ रहा है। लेकिन जिम्मेदार बेखबर हैंबता दें की दिघिया बाजार स्थित प्रयागराज-मिजार्पुर राजमार्ग पर बने डिवाइडर के चलते साल भर में अब तक चार दर्जन से अधिक राहगीर सड़क हादसे का शिकार हो चुके हैं। जबकि दो लोगों की मौके मौत हो चुकी है। वहीं चार लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ा है।वहीं स्थानीय व्यापारी नीरज केशरी, अमित केशरी, सूरज सोनी सहित तमाम लोगों ने सांकेतिक बोर्ड लगाए जाने को लेकर शिकायती पत्र भेजा। लेकिन लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते अभी तक बोर्ड नहीं लगवाया जा सका। जबकि अधिकांश हादसे ठंड के मौसम में हुए हैं। वहीं अब सड़क हादसे से राहगीरों के बचाव के लिए स्थानीय व्यापारियों ने अस्थाई सांकेतिक बोर्ड लगाया है। व्यापारियों ने डिब्बे में लाल कपड़े को लपेट डिवाडर के बीच रख दिया है। फिर भी आए दिन हादसे होते आ रहे हैं।

# कर्ज से डूबे किसान ने की आत्महत्या बैंक कर्मी कर रहे थे परेशान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** बैंक के कर्ज से परेशान एक किसान ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घरवालों का कहना है कि बैंक कर्मी पिछले एक हफ्ते से लगातार घर पर आकर लोन जमा करने का दबाव बना रहे थे। गांव वालों के सामने किसान को जलील किया जा रहा था। जिसकी वजह से वह बहुत डिप्रेशन में थे। इसी कारण उन्होंने जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गंगानगर के झूसी थाना के कसेरुआ खुर्द गांव निवासी इंद्रेश कुमार सिंह (47) पुत्र स्वर्गीय बसंतलाल सिंह खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। पत्नी उर्मिला सिंह भी उनके साथ खेती किसानी में हाथ बंटाती थी। बेटे सत्यम ने बताया कि उन्होंने खेती के लिए बैंक से लोन लिया था, लेकिन फसल खराब होने की वजह से वह लोन जमा नहीं कर पाए। निर्धारित समय बीतने पर बैंक के लोग तगादा करने लगे।इसके लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा था कि वह जल्द से जल्द रुपए जमा करें नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बेटे सत्यम सिंह का कहना है कि क्षेत्र का अमीन पिछले एक हफ्ते से दो-तीन लोगों को लेकर आता था। गांव वालों के सामने पिता इंद्रेश सिंह को जलील करता था। कहता था कि लोन न जमा करने पर जेल भेज दिया जाएगा। जिसकी वजह से वह डिप्रेशन में आ गए थे।इसी डिप्रेशन में उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। पता चलने पर परिवार के लोग उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# घूरपुर में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

### नो एंट्री के दौरान भारी वाहनों को छोड़े जाने सहित अप्पे ठेले की सड़क पर जमघट बन रहे दुघर्टनाओ का सबब

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर बाजार में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार दो युवकों में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे यूवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बुधवार के दिन चंद्रगुप्त मौर्य 28 पुत्र केदारनाथ निवासी मऊआइमा कस्बा व विकास मौर्य 30 पुत्र सुरेश चंद्र मौर्य निवासी गाधिना ,सोरांव दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर गौहनिया की तरफ जा रहे थे। जैसे ही दोपहर को घूरपुर बाजार पहुंचे ही थे कि पीछे से तेज रफ्तार आ रही अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर छिटक गिर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। देखते ही देखते चंद्र गुप्त मौर्य ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि विकास मौर्य को पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी ले गई। जिसकी इलाज के दौरान ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को पीएम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि दोनो युवक एसी और फ्रीज की मरम्मत करने का कार्य करते है। जो इन्ही का पार्ट साथ में ले जाकर कहीं बनाने जा रहे थे कि बीच में ही दुघर्टना से दोनों की मौत हो गई। दुर्घटना करने वाली ट्रक चालक सहित फरार हो गए।



### शिकायतों के बाद भी सड़क पर अप्पे और ठेले की जमघट को नहीं रोका जा रहा

घूरपुर बाजार हाईवे पर स्थित है रीवा और बांदा आवागमन करने वाली बड़े छोटे वाहनों की कतारें लगी रहती है। इसी सड़क पर दर्जनों अप्पे आड़े तिरछे और फलों के ठेले लगा सड़क पर कब्जा किए रहते हैं जिससे आवागमन करने में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आए दिन दुर्घटनाए होती रहती है। बाजार वासियों ने बताया की बुद्धवार की दोपहर भी इसी के चलते बाइक सवार दोनों युवकों की जान चली गई। बताते हैं कि पीछे से तेज रफ्तार आ रहें ट्रक को देख बाईक सवार अपने बाएं तरफ होने के लिए बाइक मोड़नी चाही लेकिन अप्पे और ठेले की वजह से बाएं तरफ बाइक नही ले जा सके जिससे दोनो की जान चली गई। बाजार वासियों ने इसकी शिकायत कई बार घूरपुर थाना प्रभारी से की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और लगातर दुर्घटनाए हो रही है।

### नो एंट्री के दौरान भी वाहनों के छोड़े जाने से बढ़ रही दुर्घटनाएं

चंद रुपयों की लालच की वजह से घूरपुर, बारा, कौंधियारा की पुलिस नो एंट्री के दौरान भी भारी वाहनों को शहर की ओर जानें के लिए छोड़ देती है। जो दुर्घटनाओ का सबब बने हुए हैं। ऐसा नहीं है कि इन क्षेत्रों के थाना प्रभारी इसे लेकर अनभिज्ञ हैं। आरोपित है कि थाना को भी इसकी अच्छी खासी कमाई होती है जिससे कोई कार्यवाई नही की जाती है। क्षेत्र वासियों ने पुलिस आलाधिकारियो का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कार्यवाई की मांग की है।

### घूरपुर थाना के सामने हाईवे पर दुघर्टना ग्रस्त ट्रेलर को 36घंटे बाद भी हटवा नहीं सकी घूरपुर पुलिस !

**पुलिस कमिश्नर से शिकायत के बाद आदेश पर भी नहीं हो सका अमल**



**घूरपुर।** घूरपुर थाना के सामने हाईवे के बीचो बीच दुर्घटना ग्रस्त ट्रेलर को घूरपुर पुलिस 36घंटे बाद भी नही हटवा सकी। जबकि छोटे बड़े गुजरते वाहनों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है भगवान् का शुक्र रहा कि इस बीच कोई दुर्घटना नहीं घटित हुई। इसे लेकर कुछ लोगों ने ट्विटर के माध्यम से बुधवार के दिन पुलिस कमिश्नर से शिकायत की तो आदेश पर पुलिस हरकत में नहीं आई और बुधवार की सायंकाल ट्रेलर स्वामी आया तो ट्रेलर का इंजन मात्र हटवाया और पीछे का हिस्सा ट्रेलर जस का तस बीच हाईवे पर समाचार लिखे जाने तक खड़ा रहा। जिससे आवागमन में कठिनाई तो हो ही रहा है। और बड़ी दुर्घटनाओं की भी संभावना बनी हुई है। सोमवार की रात 12बजे दुर्घटना हुई थी तब से अब तक स्थित जस की तस है। पुलिस की इस कार्य प्रणाली से लोगो में असंतोष है।

### टीबी चैंपियन कुंदन ने ठाना है, टीबी मरीजों को सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलाना है

**प्रयागराज।** बस्ती जिले के रहने वाले 28 वर्षीय कुंदन, जो नौकरी के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ भविष्य में शिक्षण संस्थान (कोचिंग) खोलने का सपना लिए प्रयागराज आये थे। यहाँ आकर टीबी जैसी बीमारी का शिकार हो गए, अब स्वस्थ होकर दूसरों को इस रोग के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कुंदन बताते हैं कि वर्ल्ड विजन संस्था से जुड़कर अक्टूबर 2022 से टीबी चैंपियन के रूप में काम कर रहे हैं` अब तक लगभग 400 लोगों को काउन्सलिंग के माध्यम से इलाज में मदद पहुंचा चुके हैं एवं भ्रांतियों के प्रति जागरूक कर चुके हैं इसके साथ ही कई टीबी मरीजों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिलाने में भी सहयोग कर रहे हैं, जिससे वह सक्षम बन सकें कुंदन बताते हैं - वह एक संपन्न परिवार से हैं और जुलाई 2021 में प्रयागराज आए थे कुछ ही महीनों बाद अचानक अक्टूबर माह से उनका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा शाम को हल्का बुखार चढ़ना, वजन में लगातार गिरावट, भूख न लगना जैसी समस्याएं होने लगीं । चलने फिरने पर पेट में दर्द और खाने में दिक्कत भी हो रही थी एक दोस्त की सलाह पर स्वरूप रानी अस्पताल, प्रयागराज में गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट को दिखाया जिन्होंने अल्ट्रासाउंड कराने पर पेट में पानी भरने की बात कही जाँच के लिए सैंपल लिया गया और रिपोर्ट में पता चला कि मुझे आँतों की टीबी है कुंदन ने बताया मन में एक डर सा हो गया था जब परिवार को इसकी जानकारी दी तो उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि पेट में टीबी हो सकती है कई बार मुझे वापस घर आने के लिए कहा लेकिन मैंने ठान लिया था कि अपना सपना पूरा किये बिना घर वापस नहीं जाऊंगा डॉक्टर से मिलकर अपनी शंकाएं दूर की उन्होंने बताया कि आँतों की टीबी का संक्रमण फैलता नही हैं, इलाज का कोर्स लगभग छह से नौ महीने लगातार करने से यह बीमारी पूरी तरह ठीक हो सकती है

# पुलिस ने सराफा कारोबारी समेत पांच को दबोचा 4 लाख नकदी, 533 ग्राम चांदी बरामद

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** कमिश्नरेट के अतरसुइया और मुट्ठीगंज थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने घर के अंदर बिछी जुए की फड़ पर मंगलवार को छापेमारी की। जिससे वहां भगदड़ मच गई। मौके से पांच जुआरियों को पुलिस ने दबोचा है। फड़ और जामा तलाशी को मिलाकर पुलिस को चार लाख रुपए नकद, 533 ग्राम चांदी की सिल्ली और 7 मोबाइल बरामद किया है। नाल निकलवाकर जुआ खेली जाती थी।

**पुलिस को मिली सटीक मुखबिरी :** प्रयागराज नगर के अतरसुइया में नितिन पण्डा का मकान कूचा राय गंगा प्रसाद के घर पर जुए की फड़ बिछती है। इसकी जानकारी पुलिस को काफी दिनों से मिल रही थी। लेकिन सटीक मुखबिरी न हो पाने की वजह से पुलिस के पूछने से पहले जुआरी वहां से फरार हो जाते थे। मंगलवार को पुलिस को सटीक मुखबिरी मिली। जिसके बाद अतरसुइया और मुट्ठीगंज थाने की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वहां भगदड़ मच गई। मौके से पांच जुआरी पकड़े गए।

**इन जुआरियो को पुलिस ने पकड़ा :** जिनमें विपिन भारद्वाज उर्फ नितिन पण्डा निवासी कूंचाराय, गंगा प्रसाद (कल्याणी देवी), अतरसुइया, शिवम मालवीय निवासी मालवीय नगर, मुट्ठीगंज, रंजीत वर्मा निवासी अकबरपुर मिजार्पुर, पिपरी, कौशाम्बी और संतोष कुमार निवासी दानियालपुर चरवा, कौशाम्बी व अनिल कुमार निवासी उमरपुर नींवा, धूमनगंज हैं। गिरफ्तार जुआरियो में सराफा व्यापारी और अन्य कारोबारी है। उनके कब्जे से कुल 26 ताश की गड्डी, 4 लाख रुपए नकद, चांदी की एक सिल्ली जिसका वजन 533 ग्राम और सात मोबाइल बरामद किया गया है। विपिन पंडा और रंजीत वर्मा पेशेवर जुआरी है। यह अपने घर पर जुआ खेलवाते है।

**जुआरियो के गिरफ्तारी में पुलिस टीम रही शामिल :** गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अतरसुइया योगेश प्रताप सिंह, एसआई पखण्डू राम, एसआई एसएम कासिम, महिला एसआई अर्चना चौबे, एसआई सचिन देव वर्मा, हे.का. इनाम खां, हे.का. रविन्द्र सिंह यादव, का. शहनवाज, का. अनिरूद्र प्रताप सिंह, का. रजनीश कुमार यादव, चालक का. संजय कुमार सिंह शामिल थे। इनके अलावा थानाध्यक्ष मुट्ठीगंज आशीष कुमार चौबे, एसआई मनोज कुमार सिंह, एसआई नारद भारती, का. नीरज, का. अरविन्द, का. यशवन्त सिंह भी शामिल थे।

# टैंकर की चपेट में आने से महिला की मौत

### टेंपा से उतरते समय हादसा, चालक पानी के टैंकर को कर रहा था बैक





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया में सैदाबाद चौकी क्षेत्र के बिंदा में बुधवार को सड़क निर्माण कार्य में लगी पानी के टैंकर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस महिला को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

हंडिया से हनुमानगंज के लिए सवारी लेकर जा रही एक टेंपो बिंदा में रोड के किनारे खड़ी होकर अपनी सवारी उतार रही थी। इसी दौरान रोड निर्माण कार्य में लगा एक पानी का टैंकर पीछे की तरफ बैक करते वक्त अनियंत्रित होकर टेंपो से उतरी महिला के ऊपर चढ़ गया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस महिला को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### शादी के 12 दिन पहले युवक ने दी जान,घर से 50 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला शव



**प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र में घर से 59 मीटर दूर जंगल में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी 2 मई को शादी होने वाली थी। लेकिन उससे पहले वह गुप्त रोग की चपेट में आ गया था। जिसके इलाज के लिए डॉक्टर 3 से 5 लाख रुपए का खर्च बता रहे थे। जिसकी वजह से वह परेशान था। उसने अपने सुसाइड नोट में भी यही बातें लिखी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।यमुनानगर के कोरांव थाना क्षेत्र के हंडिया गांव निवासी दीपक कुमार उर्फ लल्ला (25) पुत्र स्वर्गीय राम शिरोमणि दो भाई और दो बहनों में बड़ा था। मंगलवार तक वह ठीक ठाक था। बुधवार को उसने घर से करीब 50 मीटर दूर जंगली पेड़ में चारपाई की रस्सी से फांसी लगा ली। लोगों ने देखा तो उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मां रामकली ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसकी जेब में एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने लिखा था कि वह गुप्त रोग से पीड़ित है। जिसके इलाज में बहुत पैसा लगने वाला है, जो है नहीं। इससे परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं, इसमें मेरे परिवार का कोई दोष नहीं है।मेजा क्षेत्र के उरुवा की रहने वाली एक लड़की से उसकी सगाई हो गई थी। पुलिस के अनुसार पूछताछ में जो जानकारी है, उसके मुताबिक यह प्रेम विवाह था। जिसे अरेंज मैरिज में तब्दील किया जा रहा था। 2 मई को शादी होने वाली थी। दोनों परिवार शादी की तैयारी में जुटे हुए थे। वहां 2 साल पहले गांव में प्रधानी का चुनाव भी लड़ चुका था।उसकी एक बहन आग लगाकर आत्महत्या कर चुकी है, जबकि पिता ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी थी। बड़ोखर पुलिस चौकी के एसआई राम प्रवेश सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# माफिया अतीक और अशरफ की कब्र पर तिरंगा चढ़ाया भारत रत्न देने की मांग, पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी राजकुमार सिंह रज्जू ने माफिया अतीक अहमद को शहीद का दर्जा दिए जाने एवं भारत रत्न देने की मांग की है। रज्जू ने माफिया की कब्र पर तिरंगा भी चढ़ाया और कहा कि मैं आपको (अतीक) को भारत रत्न एवं सम्मान दिलाऊंगा। इस बाबत वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने रज्जू को गिरफ्तार कर लिया है। साथ में पार्टी ने भी छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस ने रज्जू को वार्ड संख्या 43 आजाद स्क्वायर से प्रत्याशी बनाया है। प्रचार अभियान के दौरान रज्जू ने यह विवादित देकर कांग्रेस की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। कांग्रेस प्रत्याशी का कहना था कि अतीक अहमद पांच बार विधायक और सांसद रह चुका है। योगी सरकार ने उसका मर्डर करा दिया। रज्जू ने मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। साथ ही कहा कि जब मुलायम सिंह यादव को पद्म सम्मान दिया जा सकता है तो...। अतीक को भी भारत रत्न एवं शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। रज्जू ने कहा कि अतीक को शहीद का दर्जा देकर सम्मान क्यों नहीं दिया गया।

**पार्टी ने कहा- मानसिक रूप से चल रहे बीमार :** रज्जू के इस बयान के दौरान शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमान समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। शहर अध्यक्ष ने रज्जू को इस तरह का बयान देने से रोका और दूसरी तरफ ले गए लेकिन रज्जू यहीं नहीं रुके। कसारी-मसारी कब्रिस्तान में अतीक और अशरफ की कब्र पर तिरंगा चढ़ाने भी पहुंच गए। रज्जू ने अतीक की कब्र पर तिरंगा चढ़ाने के साथ नारे भी लगाए। उन्होंने बगल में स्थित असद की कब्र पर भी तिरंगा चढ़ाया लेकिन इस दौरान पास में ही कुछ और लोग खड़े थे। उन लोगों ने कहा कि यह असद की कब्र है। अशरफ की कब्र दूसरी तरफ है। इसके बाद वह अशरफ की कब्र की तरफ गए। अतीक की कब्र पर तिरंगा चढ़ाए जाने की जानकारी होने पर पुलिस ने रज्जू को गिरफ्तार कर लिया। देर रात तक कोतवाली थाने में ही रज्जू को रखा गया था। अंशुमन का कहना है कि रज्जू का यह बयान उनका निजी है। इससे पार्टी को कोई लेना देना नहीं है। बताया कि छह साल के लिए निष्कासित करने के साथ रज्जू की पार्षद पद की उम्मीदवारी भी वापस ले ली गई है। :

**बयान लेने वाले यूट्यूबर के खिलाफ दी तहरीर :** कांग्रेस की ओर से रज्जू का बयान लेने वाले यूट्यूबर के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। शहर अध्यक्ष की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि रज्जू मानसिक रूप से बीमार चल रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को दवा की ओवरडोज ले ली थी। उसी दौरान यूट्यूबर के पत्रकार ने उकसा कर अतीक अहमद को भारत रत्न दिलाने जैसा बयान दिलवाया। यूट्यूबर ने रज्जू को उकसाया कि इस तरह का बयान देने का चुनाव में फायदा होगा। तहरीर में यह भी लिखा गया है कि यूट्यूबर ने ही रज्जू को कब्रिस्तान ले जाकर अतीक की कब्र पर झंडा रखवाया है। इसलिए पत्रकार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई की जाए।

**पिता-बहन ने कहा, ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर अनाब-सनाब बोलने लगते हैं रज्जू :** रज्जू के बयान एवं गिरफ्तारी के बाद पिता एवं बहन ने भी सफाई दी है। पिता राजाराम सिंह का कहना है कि रज्जू की चार-पांच साल से तबीयत खराब है। उन्हें मानसिक बीमारी है। दवाएं चल रही हैं। जब ज्यादा तबीयत खराब होती है तब अनाब-सनाब बोलने लगते हैं। बहन लक्ष्मी का भी कहना है कि रज्जू की तबीयत खराब रहती है। गर्मी में तबीयत ज्यादा खराब हो जाती है और वह अनाब-सनाब बोलने लगते हैं।

**रज्जू कांग्रेस सिंबल पर ही लड़ेंगे चुनाव :** विवादित बयान के बाद कांग्रेस ने राजकुमार सिंह रज्जू को निष्कासित करने के साथ पार्टी की उम्मीदवारी भी वापस ले ली है लेकिन वह पंजे के निशान पर ही चुनावी मैदान में रहेंगे। रज्जू ने नामांकन फार्म के साथ पार्टी से टिकट मिलने की दावेदारी वाला प्रपत्र लगाया है। उनका नामांकन वैध भी पाया गया है। वार्ड के निर्वाचन अधिकारी सुवेंद्र कुमार का कहना है कि उन्होंने सभी जरूरी दस्तावेज लगाए हैं। इसलिए उन्हें कांग्रेस का चुनाव चिह्न मिलेगा। ऐसे में रज्जू बृहस्पतिवार को नाम वापस नहीं लेते हैं तो तकनीकी तौर पर वह कांग्रेस के प्रत्याशी ही होंगे।

# चलती बाइक में लगी आग,गाड़ी चला रहा तहसील कर्मी मामूली रूप से झुलसा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नौवा गांव के समीप एक मोटरसाइकिल में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे आग लग गई। बाइक चला रहा तहसील कर्मचारी मामूली रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों ने बाइक में लगी आग को बुझाया, लेकिन जब तक आग बुझी, तब तक में बाइक पूरी तरह से जलकर नष्ट हो चुकी थी। बाइक सवार तहसील कर्मी ने बाइक से कूद कर अपनी जान बचाई।यमुनानगर की करछना तहसील के हिंदूपुर गांव निवासी मनोज कुमार यादव (35) करछना तहसील में कर्मचारी है। रोज की तरह बुधवार को सुबह 10:00 बजे के करीब मोटरसाइकिल लेकर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने गये थे। वहां से नहर कोठी होते हुए वह तहसील की तरफ जा रहे थे। तभी नहर कोठी के पास अचानक उनकी मोटरसाइकिल में नीचे से आग की लपटें उठने लगीं।जब उसे पता चला तो वह चलती बाइक फेंक कर बाहर कूद गया। इस दौरान वह मामूली रूप से पैर के पास झुलस भी गया। उसकी बाइक धू-धू कर जलने लगी। आसपास के लोग जमा हो गए। किसी तरह से बाइक में लगी आग को बुझाया गया। उसके बाद उसे पास के अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। मनोज कुमार का कहना है कि उसने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराया। वहां से 200 से 300 मीटर ही गया था, तभी आग लग गई। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

# 658 पीठासीन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां जोरों पर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण ,सकुशल और निष्पक्षता पूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवम् नगरीय निकाय 2023) डॉ नितिन बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक (पंचायत एवम् नगरीय निकाय 2023) के आदेश के क्रम में मतदान कार्मिकों का प्रथम पाली में 658 पीठासीन एवं द्वितीय पाली में 658 प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए करते हुए ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी



नगरीय निकाय चुनाव का प्रशिक्षण देते अधिकारी।

कार्मिक ने कहा कि समस्त मास्टर ट्रेनर्स की यह जिम्मेदारी है कि मतदान कार्मिकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान सभी महत्वपूर्ण बिंदु को विस्तार पूर्वक समझाएं और निर्वाचन की प्रक्रिया को पूर्ण रूप से उन्हें बताएं,ताकि निर्वाचन के दिन उन्हें कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। निर्वाचन का समय सुबह 7:00 बजे से शाम को 6:00 बजे तक का होगा। एक ही बैलट बॉक्स में नगर पालिका अध्यक्ष एवं वार्ड मेंबर के मत पत्र एक साथ डाले जाएंगे। मतदान केंद्रों पर कोई ना तो धूम्रपान का प्रयोग करेगा ना ही मोबाइल लेकर जाएगा और उसका कोई प्रयोग नहीं करेगा, अन्यथा की स्थिति में उसे पुलिस के हवाले किया जाएगा। एक पोलिंग पार्टी में पीठासीन प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारी रहेंगे। पीठासीन अधिकारियों को अपनी पार्टी का पूरा विवरण रखना होगा। उन्होंने विस्तार पूर्वक निर्वाचन की प्रक्रिया के बारे में बताया एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने मतदान कार्मिकों से प्रश्न भी किया और उसके समुचित जवाब भी प्राप्त किए। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी प्रतापगढ़ ओम प्रकाश मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह, उप जिला अधिकारी प्रतापगढ़ रामनारायण यादव, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय उमावि इमली डांड प्रतापगढ़ डॉ सालिक राम प्रजापति, डॉ मो अनीस, प्रचार प्रसार अधिकारी अफीम कोठी ए एन द्विवेदी प्रभारी प्राचार्य अफीम कोठी प्रतापगढ़, नीरज मिश्रा, सुशील सिंह आदि रहे.मास्टर ट्रेनर में प्रमुख रूप से रहे। डॉ मोहम्मद अनीस, प्रभाकर सिंह, राजेश सिंह, अनिल कुमार निलय,सनी देओल, अशोक वैश, राजकिशोर, शाहिद मुराद, नसीमुद्दीन, टी आर सिंह आदि एवं अनिल सिंह और अशोक शुक्ला सहित समस्त टेक्निकल मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को रायपुर भगदरा में शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान ओमप्रकाश यादव ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों को जागरूक किया।

जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा अधिकार कानून, स्कूल विकास योजना और स्कूल से जुड़े हर समस्याओं पर चचाएं की गई। मुख्य रुप से स्कूल विकास योजना को ग्राम विकास योजना में कैसे शामिल कराया जाए इसको लेकर के बातचीत की गई। सीएचओ वारिस खान जी ने हेल्थ को लेकर और आशा के खाते में ऑनटाइप



शिक्षा व स्वास्थ्य की जानकारी कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण।

फंड के विषय में सभी को जानकारी दी। हेल्थ वैलनेस सेंटर पर कितना पैसा आ रहा है और उसका उपयोग कहां कैसे किया जाना है इसको लेकर के भी सभी को जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन आर्थिक अनुसंधान केंद्र के जीत लाल ने किया। इस मौके पर गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गेहूॅ क्रय केन्द्रों पर कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापितः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2023-24 में केन्द्रीयकृत प्रणाली में न्यूनतम समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ में खाद्य विभाग, भारतीय खाद्य निगम एवं पीसीएफ के विभिन्न गेहूॅ क्रय केन्द्रों पर समर्थन मूल्य दिलाये जाने के उद्देश्य से गेहूॅ क्रय केन्द्रों पर आ रही कृषकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण, प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं कृषकों से सीधे जन सम्पर्क स्थापित कर अधोलिखित विवरण के अनुसार तहसीलवार/जनपद कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है।

उन्होने बताया है कि क्षेत्रीय विपणन अधिकारी पट्टी एवं सदर का कन्ट्रोल रूम नम्बर 9453235428, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी कुण्डा/रानीगंज का 9451621242, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी लालगंज का 8765450320, जिला प्रबन्धक पीसीएफ का 8707670570, जिला खाद्य नियंत्रण कक्ष प्रभारी अभिषेक पाल एवं अखिल कुमार शर्मा का 6392773243, अपर जिला सहकारी अधिकारी पट्टी का 8318771480, अपर जिला सहकारी अधिकारी लालगंज का 8009024826, अपर जिला सहकारी अधिकारी सदर का 7985239179, अपर जिला सहकारी अधिकारी रानीगंज का 9335341669, अपर जिला सहकारी अधिकारी कुण्डा का 9839645378 एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी का कन्ट्रोल रूम नम्बर 7839564979 है। उन्होने कहा है कि जन सम्पर्क अधिकारी गेहूॅ क्रय अवधि में पंजीकृत कृषकों से वार्ता कर उन्हें गेहूॅ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपए 2125 प्रति कुन्तल की प्राप्ति हेतु गेहूॅ खरीद योजना के अन्तर्गत विभिन्न गेहूॅ क्रय केन्द्रों पर गेहूॅ विक्रय हेतु अवगत करायेगें। स्थापित कन्ट्रोल में सम्पर्क करने वाले कृषकों का मोबाइल नम्बर व तिथि अंकित किया जायेगा तथा खरीद सम्बन्धी शिकायत का निस्तारण केन्द्र प्रभारी के माध्यम से कराते हुये विवरण रक्षित किया जायेगा।

# परियावां 35 सी रेलवे फाटक की सड़क गड्ढा मे तब्दील

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोर पर बने 35 सी रेलवे फाटक से गुजरने वाले छोटे व बड़े वाहन के लिये परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उसका कारण यह है कि रेलवे ट्रैक के बीच व आगे पीछे बनी सड़क गड्ढे मे तब्दील हो चुकी है जिस पर से गुजरने वाले दो पहिया वाले वाहन चालक असुंतुलित होकर गिर जाने से चोटहिल होने की संभावना पैदा हो जाती है जब कि बड़े चार छह 18 पहिया के वाहन की गड्ढा होने के कारण रेलवे ट्रैक के बीच मे फस जाने का डर बना रहता है जिससे अचानक आने जाने वाली सवारी या मालगाड़ी प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों ने रेल विभाग के अधिकारियों का 35 सी रेलवे फाटक से गुजरने वाली गड्ढा युक्त सड़क की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमों का अधिक से अधिक करें निपटारा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13 मई 2023 को सफल बनाने के लिये कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या की अध्यक्षता में प्री0 ट्रायल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की अपेक्षा की। बैठक का संयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा किया गया। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण, मध्यस्थगण आदि भी उपस्थित रहे।

# रोजा इफ्तार में मांगी गयी सलामती की दुआ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर बाजार में रमजाने पाक के मुकददस महीने में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मंगलवार की शाम बाजार में इफ्तार पार्टी में इलाके की बरक्कत व सलामती के लिए दुआ मांगी गयी। इफ्तार पार्टी के आयोजक फकरूल हसन ने रोजा इफ्तार मे शामिल लोगों के प्रति आभार जताया। वहीं बतौर संयोजक व्यापार मण्डल अध्यक्ष जाकिर अली ने पार्टी मे शामिल होने आये लोगों का खैरमकदम किया। इफ्तार पार्टी मे वाहिद अली, साकिर अली, वासिद अली, मो. अकरम, मो. इसरार, नासिर अली, मो. अनस, मो. अयान, मो. कैफ आदि रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में अग्निकांड से बचाव हेतु फायर माक ड्रिल का किया गया आयोजन

## अपर जिलाधिकारी ने अग्नि सुरक्षा एवं भूकम्प से बचाव हेतु दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में ग्रीष्म काल में होने वाले अग्निकांड एवं उच्च तापमान के कारण अग्नि से होने वाली घटनाओं से राहत एवं बचाव व आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं अग्निशमन सेवा सप्ताह 2023 के दौरान जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रट परिसर में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। मॉक ड्रिल में आग से बचाव व सावधानियों के विषय में विस्तृत वर्णन के साथ-साथ क्या करें, क्या न करें पम्पलेट का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने मॉक ड्रिल में



फायर माक ड्रिल का आयोजन करते अधिकारी।

उपस्थित सभी से आवाहन करते हुये कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुये अग्निकांड से बचाव हेतु दिये गये प्रशिक्षण को अन्य लोगों के साथ भी साझा करें जो आज यहां किन्ही कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये है। अपर जिलाधिकारी ने इस अवसर पर अग्नि सुरक्षा एवं जीवन रक्षा के उपाय के सम्बन्ध में बताया कि हुक्का पीने के पश्चात चिलम की आग को पूर्ण रूप से बुझाकर छोड़िये, जलते हुये बचे बीड़ी के टुकड़े को पैर से कुचलकर तथा पूर्ण रूप से बुझाकर फेकिये, खलिहान, तालाब के निकट या अन्य पानी के साधनों के निकट स्थापित कीजिये। पुआल व कण्डों के ढेर को पूर्ण रूप से सूख जाने पर निवास स्थान से कम से कम 100 फुट की दूरी पर लगाइये। चूल्हे के ईंधन की चिंगारियों व गरम राख को पूर्ण रूप से ठंडा करके फेंकिये। घी व तेल की आग को बालू व मिट्टी से ढककर बुझाइये। गैस चूल्हे को हमेशा गैस सिलेण्डर से ऊपर रखकर खाना बनायें। लीकेज की दशा में हमेशा रेगुलेटर की नाब बन्द कर दें तथा ज्वलनशील सामग्री से दूर रखें। रात्रि में सोने से पहले गैस सिलेण्डर की नाब बन्द करना न भूले।

फायर बिग्रेड को ग्रामीण क्षेत्र की आगों पर बुलाते समय घटना स्थल का सही पता, पानी का साधन, घटना स्थल से पानी की दूरी की सूचनायें अवश्य सूचित करें ताकि गाड़ियों के भेजने में देरी न हो। उन्होने भूकम्प से बचाव के सम्बन्ध में बताया कि भूकम्प आने की स्थिति में सबसे सुरक्षित स्थान खुले मैदान होते है जहां शरण लेना सुरक्षित होता है। भूकम्प के दौरान यदि सड़क मार्ग से यात्रा कर रहे हों तो गाड़ी को सड़क के किनारे रोक लेना चाहिये। यदि भूकम्प आने पर भवन के गिरने से मलबे में फंस गये है तो साफ कपड़े या रूमाल से मुँह को ढक लें, ज्यादा धूल या गन्दगी नाक में न जा पाये तथा धैर्य बनाये रखें, क्योंकि जिला प्रशासन की टीम आपको निकालने का प्रयास कर रही होती है। थोड़ी थोड़ी देर पर बचाओ-बचाओ की आवाज दें, जिससे आपके स्थान का पता चल सके। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय सहित जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता राजस्व, जिला आपदा विशेषज्ञ, आपदा लिपिक एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# हिंदी भाषा का शिक्षा में सम्पूर्ण प्रबंधनः प्रो इंदुरेखा सिंह

## एमएमपीजी कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एमएमपीजी कालेज कालाकांकर में आयोजित कार्यक्रम मे प्रो0 इंदु रेखा सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा के जनक भारतेन्दु हरिश्चंद जो भारत सरकार के द्वारा राजभाषा से संबंधित मुख्यतः कीर्ति व गौरव दो पुरस्कार है जो वितरित किये जाते जो हिंदी की लिपि देवनगरी लिपि जो इस लिपि कि सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमे जो भी पढ़ा जाता जो वही लिखा जाता है और जो लिखा जाता है वही बोला जाता है।

रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदी भाषा के बारे मे कहा है कि सभी भाषाएं नदी है और हिंदी महानदी है। ड्रा सर्वेश सिंह ने अपने सम्बोधन मे कहा कि तात्या टोपे का नाम रामचंद्र पांडुरंग राव है इनके पिता का नाम पांडुरंग राव था जो 1857 ई0 की क्रांति मे कानपुर मे 5 जून 1857 मे नाना



एमएमपीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य का स्वागत करते शिक्षक।

साहब की ओर से सेना का नेतृत्व किया और झाँसी से रानी लक्ष्मी बाई की स्वतंत्रता संग्राम मे भाग लिया मानसिंह के विश्वास घात के कारण इन्हे अंग्रेजो द्वारा 18 अप्रैल 1859 को शिवपुरी मध्य प्रदेश मे फांसी दे दी गई। मनोज कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन मे कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध पिता और पुत्र से बढ़कर होता है जिस प्रकार द्रोणाचार्य के पुत्र अस्वस्थामा और अर्जुन के बारे मे बताया हिंदी भाषा मे लेखन कार्य करने वाले केशवदास की रचना रामचंद्रिका, अंगद-रावण सवाद, सुमित्रानंदनपंत,मुंशी प्रेम चंद्र,रामचंद्र शुक्ल, धर्मवीर भारती(टूटा पहिया)आदि के बारे मे वर्णन किया और आगे कहा कि मदन मोहन मालवीय जी द्वारा बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय (1916) मे स्थापना के लिए मुद्रा इकट्ठा करने के लिए जम्मू कश्मीर के राजा हरिसिंह एवं हैदराबाद के निजाम के योगदान को रेखांकित किया बताया कि भाषा के चार स्तर सुनना, बोलना, पढना व लिखना है। शिक्षा एक निवेश और जिसमे हम सब कम लागत मे प्रतिफल प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य शिवम श्रीवास्तव सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

# आगजनी में मैजिक वाहन क्षतिग्रस्त, जांच मे जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाग में आग जलाकर कुछ अज्ञात युवकों द्वारा शहद निकालने को लेकर अचानक आग फैल गयी। इसके चलते बाग के समीप एक दुकान के सामने ड्रम मे रखे तेल को भी आग ने अपनी गिरफ्त मे ले लिया। सांगीपुर थाना के दीवानगंज बाजार में समीपवर्ती बाग मे कुछ युवक शहद निकालने गये थे। आग जलाकर युवक शहद निकालकर वहां से चले गये। इतने मे आग बाग मे खरपतवार में फैल गयी। लोगों ने आग की लपटें देखकर शोर मचाया और आग बुझाने का जतन करने लगे तब तक आग फैलते हुए एक जनरेटर व मैजिक मे भी पहुंच गयी। आगजनी में मैजिक को काफी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलने पर सांगीपुर से फायर बिग्रेड पहुंची। तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका। घटना को लेकर मैजिक वाहन स्वामी राजेश मिश्र ने अज्ञात युवकों के खिलाफ सांगीपुर थाने मे तहरीर दी है। सांगीपुर पुलिस का कहना है कि जांच कर दोषियो की पहचान कर कडी कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कारागार में प्रवेश लेने वालों के लिये बदला नियम

## अब दो गेटों पर देना होगा आधार की फोटो कापी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कारागार में अब प्रवेष लेने के लिये दो गेटों पर आधार कार्ड की कापी देनी होगी। अभी तक केवल आधार कार्ड की एक कापी गेट पर देनी होनी थी। ऐसी ही व्यवस्था बहुत दिनों से चली आ रही थी लेकिन अतीक व अषरफ के हत्यारोपियों के जेल में आने के बाद मिलाई करने वालों की दो गेटों पर आधार कार्ड लेने की व्यवस्था कर दी गई है। मंगलवार को बहुत सारे लोग आधार कार्ड की एक कापी लेकर गये थे तो उन्हें पता चला कि अब दो गेटों पर आधार कार्ड जमा करना होग। इसका भरपूर फायदा जेल रोड के पास फोटो स्टेट करने वाले उठा रहे हैं जहां एक फोटो कापी का पांच रुपये तक लोगों को देना पड़ रहा है। जबकि दो रुपये में एक फोटो कापी का जनरल रेट है। दुकानदार मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। जेल नियमों में अचानक फेरबदल से मिलाई करने वालों को परेषानी झेलनी पड़ रही है।

# चोरी की बाइक समेत धराये आरोपी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ चार बदमाशो को धर दबोचा। पकडे गये बदमाशो के पास से पुलिस को एक तमंचा तथा कारतूस भी बरामद करने मे सफलता मिली है। कोतवाल कमलेश पाल के निर्देशन में दरोगा योगेन्द्र सिंह बुधवार की सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच सूचना मिली कि चार बदमाश किसी अप्रिय वारदात को अंजाम देने निकले हैं। दरोगा योगेन्द्र ने बेलहा के हिरऊ का पुरवा मे आईटीआई कालेज के समीप पहुंचकर आरोपियो को धर दबोचा। पुलिसिया पूछताछ मे आरोपी बेलहा कान का पुरवा निवासी शिवलाल सरोज के पुत्र नितिन सरोज, हिरऊ का पुरवा निवासी राजाराम गौतम के पुत्र राजू तथा इसी गांव के जीतलाल गौतम के पुत्र बृजेश गौतम व कान का पुरवा निवासी विंध्यादीन के पुत्र राजू सरोज ने बाइक को चोरी का होना बताया।

# लू के थपेड़ों के चलते चिलचिलाती धूप में स्कूल जा रहे बच्चे

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर जनपद से सटे सीमा प्रयागराज मे गर्मी व लू के थपेड़े के चलते प्राइमरी व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे सुबह 7 बजे से 12 बजे तक स्कूल खुलने का निर्देश जारी हुआ है लेकिन प्रतापगढ़ जनपद के प्राइमरी स्कूलों मे नियम लागू नही किया जिससे प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे पुरानी समय सारिणी के अनुसार सुबह 9 बजे से 2 बजे तक स्कूल खुल रहे है जिसके चलते चिल चिलाती धुप मे मासूम बच्चो को



स्कूल जाते बच्चे।

स्कूल मे छुट्टी होने पर अपने घर पैदल जाना पड़ता है जो किसी भी बीमारी की चपेट मे आ सकते हैं। बच्चो के अभिभावको ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का ध्यान मासूम बच्चो की तरफ दिलाते हुए प्रयागराज की तर्ज पर सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक स्कूल का समय सारिणी करने के लिये इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है ताकि बच्चों को बीमारी से बचाया जा सके।

# जरूरतमंद को न्याय दिलाने मे अधिवक्ताओं का योगदान आवश्यकः सिविल जज

## दीवानी न्यायालय सभागार में हुआ अधिवक्ता सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सिविल न्यायालय के सभागार में अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित कर बार एवं बेंच के सौहार्दपूर्ण सम्बन्धों पर जोर दिया।



अधिवक्ताओं को सम्मानित करते सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी।

सिविल जज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह, महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल व कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी तथा प्रचार मंत्री निलेश त्रिपाठी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उन्होनें अधिवक्ताओं से कहा कि जरूरतमंद को पूर्ण न्याय दिलाने के लिए बार एवं बेंच को मिलकर न्यायिक कामकाज के वातावरण को सुदृढ़ करना होगा। उन्होने कहा कि अदालतों का ध्येय पीड़ित को सही समय पर न्याय उपलब्ध कराना हुआ करता है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल महेश ने अपनी कार्यकारिणी की ओर से सम्मान पर आभार जताते हुए वादकारी हितो को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का ऐलान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय ने किया। समारोह को अधिवक्ता जीतेन्द्र सिंह, सतेश सिंह, विपिन शुक्ल, टीपी यादव ने भी संबोधित करते हुए बार एवं बेंच के मिशन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, महेश पटेल, शशि शेखर पाण्डेय, प्रमोद तिवारी, जान्हवी प्रताप सिंह, विभाकर शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## खबर संक्षेप

### जेसीबी के टक्कर से टूटी विद्युत तार से सप्लाई हुई बाधित

**जेसीबी संचालक से जेई के नाम पर लाइनमैन ने वसूला मोटी रकम तीन दिन बाद भी नहीं शुरू हो सकी विद्युत सप्लाई**

**टेडीमोड कौशाम्बी।** योगी सरकार कहती है तो कहती रहेगी 24 घंटे में खराब ट्रांसफार्मर बदले जाएंगे लेकिन योगी सरकार के आदेश विद्युत अधिकारियों के ठेंगे पर है जिससे गांव क्षेत्र में आम जनमानस गर्मी से व्याकुल है अंधेरे में ग्रामीणों का परिवार रहने को विवश है लेकिन अधिकारियों के सेहत पर कोई फर्क पड़ता नहीं दिखाई पड़ रहा है। सिराथू तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अंदावा पावर हाउस से पलटी पुर गांव की सप्लाई में 3 दिनों पूर्व जेसीबी ने टक्कर मार दिया था जिससे विद्युत तार की शॉर्ट सर्किट के बाद ट्रांसफार्मर जल गया जेसीबी संचालक को मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर अवर अभियंता ने जेसीबी संचालक से 11 हजार रुपए वसूल लिया और उसके बाद जेसीबी संचालक पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया जिसका खामियाजा यह है कि 3 दिन से ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों परिवार विद्युत की समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन विद्युत अधिकारियों की सेहत पर फर्क पड़ता नहीं दिख रहा है विभाग के नाम पर जेसीबी संचालक से 11 हजार रुपए वसूल डकार जाने वाले लाइनमैन और अवर अभियंता के कारनामों को अभी तक अधिकारी ने संज्ञान नही लिया है ग्रामीणों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुआवजे के नाम पर 11 हजार रुपए वसूल करने वाले जे ई और लाइनमैन पर मुकदमा दर्ज कराकर इनकी तत्काल विद्युत सप्लाई शुरू कराए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

# जनपद की शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध होगी सख्त कार्यवाही : डीएम

**ईद-उल-फितर परशुराम जयन्ती पर्व के पूर्व डीएम एसपी ने की बैठक**

**सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट न किया जाय, यदि कोई व्यक्ति करता है तो उसके विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेंगी : एसपी**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में ईद-उल-फितर त्यौहार एवं परशुराम जयन्ती पर्व को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से ईद-उल-फितर त्यौहार एवं परशुराम जयन्ती पर्व को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक गई कार्यवाही-पीस कमेटी की बैठक तथा मस्जिदों एवं ईदगाहों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने आदि की जानकारी प्राप्त की गयी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओ सुझावों को प्राप्त करते हुए कहा कि ईद-उल-फितर त्यौहार एवं परशुराम जयन्ती पर्व को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि संयुक्त रूप से भ्रमण कर सम्वेदनशील स्थलां पर विशेष निगरानी रखी जाय एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करा लिया जाय, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पायेउन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था तथा पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को विशेष अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्रां में साफ-सफाई कराने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत कों जेई की पावर हाउसवार ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सभी सुअर बाड़ों को नोटिस जारी करने के निर्देश दियें कि कोई सुअर आवारा घूमते हुए न पाया जाय। उन्होंने सभी ईओ से कहा कि आवारा घूम रहें सुअरों को पकड़वाकर सुअर बाड़ों में संरक्षित करायी जाय। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रहीं है भड़काऊ पोस्ट करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी तथा कोई भी व्यक्ति जनपद की शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहार को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ मनाया जाय किसी भी सार्वजनिक स्थान/हाइवे को बाधित न किया जाय सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट, स्पीच एवं भाषण आदि अपलोड न किया जाय, यदि कोई व्यक्ति करता है तो उसके विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेंगी उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तत्काल उन्हें दिया जाय उन्होंने कहा कि नगर निकाय निर्वाचन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों तथा जनपद की शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। ड्रोन कैमरा के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जायेंगी। उन्होंने सभी को आगामी ईद, परशुराम जयन्ती एवं अक्षय तृतीया की बधाई दी इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 विश्राम, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, सभी उप जिलाधिकारीगण एवं क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### अनियंत्रित ऑटो पलटी एक की मौत कई लहूलुहान



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी पावर हाउस के पास अनियंत्रित ऑटो सड़क पर पलट गई है हादसे में ऑटो में बैठी सवारियां ऑटो के नीचे दब गई हैं आनन-फानन में आसपास के लोगों ने ऑटो को सीधा कराकर सवारियों को बाहर निकाला तब तक एक युवक की मौत हो चुकी थी और कई महिलाएं घायल हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी परिवार तक पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया है। घटनाक्रम के मुताबिक बुधवार को सवारी लेकर ऑटो सराय अकिल जा रहा था जैसे ही ऑटो मनौरी पावर हाउस के पास पहुंचा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया इस हादसे में सरांय अकिल थाना क्षेत्र के तरना गांव निवासी अरविन्द कुमार पुत्र वंशी लाल की ऑटो में दब जाने से मौके पर मौत हो गई है बताया जाता है कि वह रोजी रोटी के सिलसिले में दो महीने पहले बम्बई गया था बम्बई से वह बुधवार को अपने घर वापस जा रहा था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई है हादसे में सुशीला देवी पत्नी पप्पू ,सवित्री देवी पत्नी शिवप्रसाद सहित कई लोग घायल हैं स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है गंभीर हालत होने पर दो महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

### रेप आरोपी को 10 वर्ष की सजा



**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर अन्तर्गत एक गांव की बालिका को 6 वर्ष पूर्व 09.06.2016 बहला फुसला कर भगा ले जाने के बाद आरोपी युवक द्वारा बालिका के साथ दुष्कर्म करने के मामले के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है आरोपी पर अदालत ने 15 हजार 500 रुपए का अर्थदंड लगाया है अर्थदंड ना अदा करने पर आरोपी को 6 माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने गवाहों के बयान बचाव पक्ष के बयान अधिवक्ताओं की जिरह बहस सुनने के बाद अभियुक्त कमलेश पुत्र केशव निवासी धमसिरा थाना करारी को रेप का दोषी पाया। शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पुलिस द्वारा पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने का प्रयास किया गया न्यायालय एडीजे- 07/पॉक्सो कोर्ट द्वारा रेप के अभियुक्त के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अभियुक्त को 10 वर्ष कारावास की सजा से दंडित किया गया तथा 15 हजार 500 रुपए के अर्थ दण्ड लगाया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 06 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

### नवीन मंडी समिति में लगी भीषण आग, फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से पाया आग पर काबू



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा स्थित नवीन मंडी समिति में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गयी व्यापारियों की सूचना पर पहुंची फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया वहीं व्यापारियों के अनुसार मंडी प्रांगड़ में पानी टंकी है किंतु फायर वाहन में पानी लोड करने में समस्या है एक टैंकर पानी आग बुझाने में खत्म हो गया तो फिर पानी भरी हुई फायर टंकी मंझनपुर से मंगाया गया इस आग से व्यापारी विनोद केसरवानी की 200 खाली बोरियां खाक हो गयी आग लगने का कारण किसी पल्लेदार य किसी और द्वारा शौच के दरम्यान बीड़ी सिंगरेट जलाकर फेंकना बताया जा रहा मौके पर नायब तहसीलदार सिराथू विनय कुमार पहुंचकर मामले की तहकीकात किये हैं इस आग से किसी प्रकार के जान का नुकसान नही हुआ है।

### शराब के साथ नौ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल नौ अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 118 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुड्डू दास पुत्र बनवारी रैदास निए शहजादपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 9 लीटर अवैध शराब व रामसुगन पुत्र भगवानदीन निवासी गोविन्दपुर गोरियो थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 9 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिव बाबू साहू पुत्र बलाल निवासी टिकरी नागी थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अनूप कुमार पुत्र स्व0 विजय गोपाल निवासी भेलखा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 7 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अर्जुन धोबी पुत्र श्याम लाल निवासी भवंतर करबा अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 30 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कलेशर पासी पुत्र स्व० बोड्डा पासी निवासी उदयराज का पुरवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 18 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रोहित पासी पुत्र पुरुषोत्तम निवासी बरई बंधवा थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हरिश्चंद्र गौतम पुत्र राम औतार निवासी फतू का पुरवा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजेश सरोज पुन गुर्गा प्रसाद निवासी मलाक पिंजरी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# पीठासीन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, 6 कार्मिक पाये गये अनुपस्थित

**अनुपस्थित कार्मिकों द्वारा 20 अप्रैल को प्रशिक्षण न प्राप्त करने पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही : सीडीओ**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के नेतृत्व में आज नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए एम0वी0 कॉन्वेन्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा में मास्टर ट्रेनर विकास पाण्डेय एवं राकेश सिंह द्वारा पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए मतदान से सम्बन्धित सभी पहलुओं यथा-आवश्यक स्टेशनरी प्राप्त कर मतदेय स्थल को प्रस्थान करने से पूर्व की कार्यवाही, मतदान केन्द्र की तैयारी, मतदान प्रारम्भ से पूर्व की तैयारी, मतदान अधिकारी प्रथम के कार्य, मतदाता के पहचान के लिए निर्वाचन आयोग से निर्गत फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य विकल्प की जानकारी, मतदान अधिकारी द्वितीय के कार्य, मतदान के दौरान उत्पन्न विशेष परिस्थितियों एवं मतदान समाप्ति के बाद की कार्यवाही सहित आदि विस्तृत जानकारियॉ दी। पीठासीन अधिकारियों को 02 पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली-पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। कुल 407 पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें प्रथम पाली में 211 एवं द्वितीय पाली में 196 पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाना था। प्रथम पाली में 208 एवं द्वितीय पाली में 193 कुल 401 पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कुल 06 पीठासीन अधिकारी यथा-प्रधानाध्यापक उ0प्रा0वि0 नौगिरा सिराथू शारदा प्रसाद सिंह, स0अ0 मदरसा जामियॉ इमदादुलउलूम करारी रफी उल्ला, स0अ0 प्रा0वि0 पट्टी परवेजाबाद कुलदीप सिंह, स0अ0 प्रा0वि0 किरहियापर कड़ा लोकेन्द्र सिंह व राजेश सिंह तथा स0अ0 पूर्व माध्यमिक विद्यालय चन्द्रसेन हेमराज अनुपस्थित पाये गये, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित कार्मिकों को निर्देशित किया है कि दिनांक 20 अप्रैल 2023 को प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेंगी।इस अवसर पर सहायक प्रभारी अधिकारीगण कार्मिक जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह एवं लिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के दिए निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) सुजीत कुमार ने नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए एमवी कान्वेन्ट स्कूल एवं कॉलेज, ओसा में पीठासीन अधिकारियों को दिये जा रहें प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग गम्भीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए सभी प्रक्रियाओं की जानकारी भली-भॉति प्राप्त कर दिये गये दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें तथा जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करें, निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये अधिकारों एवं कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पीठासीन अधिकारी को मजिस्ट्रेट की पावर होती है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी रवानगी से पूर्व आवश्यक तैयारियॉ एवं मतदान के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों आदि की विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### घर घर दस्तक अभियान शुरू

**आशा हीटवेव व लू से भी बचाव की दे रही जानकारी तैयार कर रही स्कूल न जाने वाले बच्चों की सूची**

**कौशाम्बी।** जनपद में सोमवार से दस्तक अभियान शुरू हो गया हैं यह अभियान विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत 30 अप्रैल तक चलेगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि इस बार दस्तक अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी स्कूल न जाने वाले बच्चो को भी चिन्हित कर सूची भी तैयार कर हीटवेव व लू से बचाव के लिए सावधानी बता रही हैं। आशा वेक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया फाइलेरिया की रोकथाम के लिए घर घर जाकर लोगों को जागरूक का रही है। वही अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता बुखार, टीबी, कोविड आदि लक्षणों वाले व्यक्ति के बारे में घर-घर जाकर पूछताछ कर रही है लक्षण मिलने पर चिह्नित कर उन्हें अस्पताल भी भेज रही हैं साथ ही कुपोषित बच्चो को चिन्हित कर सूचि तैयार कर रही हैं । उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क एंबुलेंस की सेवा भी उपलब्ध रहेगी। तथा लक्षण मिलने वाले व्यक्ति का पूरा नाम पता और मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय तक भेजा जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा हैं संचारी रोग रोकथाम के कार्य किये जा रहे हैं इसमें संवेदनशील क्षेत्रो में साफ सफाई, छिडकाव तथा व्यापक प्रचार प्रसार वाल पेंटिंग किया जा रहा है। विभाग की मलेरिया की टीम घर घर विजिट कर कूलर की सफाई आस पास के खुले खाली प्लाटो की सफाई नाली नालो की सफाई एवं छिडकाव कराया जा रहा है। कोविड-19 को लेकर मास्क और उचित दूरी बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### छः वारण्टी अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों की पुलिस बल द्वारा छः वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त राम नरेश पुत्र राजाराम निवासी धमुर्हापुर थाना मंझनपुर व कल्लू पुत्र पच्छू निवासी भेलखा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा तीन वारंटी अभियुक्तों शिवबाबू पुत्र छोटे मनोज जायसवाल पुत्र छंगू जायसवाल व राजू पुत्र छेदीलाल निवासीगण कस्बा व थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त रामनाथ पासी पुत्र देवसरन निवासी दौलतपुर कसार थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय भेज दिया है।



### भाजपा ने नगर पंचायत अझुवा में चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**जिलाध्यक्ष ने कहा जाति धर्म से उठकर विकास के लिये करे मतदान**

**अझुवा कौशाम्बी।** नामांकन के बाद चुनावी मैदान में भाजपा ने अपने कार्यकताओं की कमर कस लेने की सख्त हिदायत दी है। जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने नगर पंचायत अझुवा में भाजपा प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए विकास के मुद्दे पर प्रत्याशी की वोट करने को कहा। वे यहीं पर नही रुकी बल्कि उन्होंने विपक्षियों की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि उनसे सावधान रहें उनके एक मुखौटे नही बल्कि कई कई मुखौटे हैं। नगर निकाय चुनाव सम्बंधित भारतीय जनता पार्टी चुनाव कार्यालय का भव्य उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने फीता काटकर किया उन्होंने प्रत्यासी शांती देवी कुशवाहा को रिकार्ड मतों से जीत दिलवाने की अपील की है मौजूद भाजपा कार्यकताओं और जनता के गगनभेदी नारों के जयकार से कार्यालय गूंज उठा इस दौरान ब्लाक प्रमूख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ,जिला संयोजक धर्मराज मौर्य, नगर चुनाव प्रभारी विमलेश पटेल ओमप्रकाश कुशवाहा, हीरालाल मौर्य,ओमप्रकाश गुप्ता, बड़ेलाल केसरवानी , फूलचन्द्र केसरवानी, कपूरचंद केसरवानी, सोनू अग्रहरी, ननका स्वर्णकार शिव प्रताप मौर्य, अनिल केसरवानी,करन सिंह ,शिबू अग्रहरी,सुधर टण्डन,ज्ञान शर्मा, अनवर खान जगदीश केसरवानी,प्रशांत केसरवानी, गुलाब लोधी, रामचन्द्र लोधी, जुगराज लोधी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस ने किया यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 का विमोचन

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष ई अंकुर शुक्ला की अध्यक्षता में यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 प्रतियोगिता का विमोचन मंगलवार को किया गया। यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं, जिसके तहत आम और सामान्य पृष्टभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को कांग्रेस पार्टी द्वारा राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं। इस अवसर पर जिला ई अंकुर शुक्ला ने बताया कि जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति पर आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। अंकुर शुक्ला ने कहा कि आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं। पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस आशीष मिश्रा ( पप्पू)ने कहा कि आज देश महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं, ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन - 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज बनने का काम करेगा।इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सह संयोजक प्रांजल तिवारी ने कहा कि इस अघोषित आपात काल में यंग इंडिया के बोल जैसे कार्यक्रम समाज का आवाज बन रहे है और पूरे देश में युवा बड़ी संख्या में अपनी आवाज उठाने के लिए यंग इंडिया के बोल कार्यकम से जुड़ रहे है।इस अवसर पर जनपद संयोजक सर्वेश धर, डॉक्टर राजेश त्रिपाठी, नरेश तिवारी, अभिषेक मिश्रा, अमित द्विवेदी आजाद, मकबूल अहमद, जितेंद्र शर्मा ,सचिन शुक्ला, कुलदीप सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा आदि साथी उपस्थित रहे।

# योगी मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को भाजपा ने बनाया प्रत्याशी

अखंड भारत संदेश

**बिना नुमाइंदगी उपद्रव कर अधिकारियों का फूक दिया था कई वाहन जीतने के बाद क्या होगा नगर का हश्र**

**कौशाम्बी।** निजी स्वार्थ और मनमानी करने के चलते बदलते परिवेश में गजब की राजनीत हो गई है विरोधियों को पाले में लेने की होड़ लगी है अपनों की बेकद्री हो रही है पराए को छाती से लगाया जा रहा है विरोधियों के आने से पार्टी के लोग किनारा कर रहे हैं कहावत है कि एक म्यान में दो तलवार नहीं रह सकती भाजपा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के बाद आम जनता असमंजस की स्थिति में फस गई है कि वह नगर निकाय के चुनाव में कैसे निर्णय करे किस प्रत्यासी को मतदान करें आम जनता के साथ-साथ पार्टी के निष्ठावान पदाधिकारी कार्यकर्ता भी शीर्ष नेतृत्व के निर्णय पर ऊहापोह की स्थिति में है योगी मोदी पर खुलेआम सार्वजनिक स्थान पर अभद्र टिप्पणी अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर खुलेआम हजारों लोगों के बीच सड़कों पर योगी मोदी के विरोध में नारेबाजी कर भाजपा की छीछालेदर करने वाले बहादुरपुर के रहने वाले बीरेन्द्र कुमार सरोज उर्फ फौजी को नगर पालिका परिषद मंझनपुर में अध्यक्ष पद का प्रत्याशी भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने घोषित कर नगर के लोगों को चौंका दिया है जबकि बीते ब्लाक प्रमुख के चुनाव में इनकी पत्नी गांव क्षेत्र के निवास से ब्लॉक प्रमुख की दावेदारी कर चुकी हैं आनन-फानन में कैसे इनका फर्जी तरीके से निवास प्रमाण पत्र नगर पालिका क्षेत्र स बन गया या बड़ी जांच का विषय था लेकिन इसे नजरअंदाज कर दिया गया फर्जी निवास प्रमाण पत्र में बनाए गए प्रत्याशी के चलते बीते विधानसभा चुनाव की तरह नगर निकाय के चुनाव में भी भाजपा की छीछालेदर होना तय है नगर पालिका मंझनपुर से प्रत्याशी बनाए गए बीरेन्द्र कुमार सरोज फौजी नामांकन करने के बाद चुनाव प्रचार में गांव-गांव घूम रहे हैं जबकि ना तो नगरपालिका मंझनपुर क्षेत्र से इनका नाता था और ना ही इनका भारतीय जनता पार्टी से पूर्व में कभी नाता नहीं था। बीते विधानसभा चुनाव में मंझनपुर विधानसभा सीट से जब अधिकारियों ने कुछ देर तक परिणाम की घोषणा नहीं की थी तो यह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज के समर्थन में सड़कों पर उतर आए थे निर्वाचन आयोग के निदेर्शों की धज्जियां उड़ाते हुए हजारों लोगों की भीड़ सड़क पर एकत्रित कर जमकर योगी मोदी के विरोध में नारेबाजी की सड़क पर घंटों उपद्रव होता रहा आक्रोश के बीच अधिकारियों के वाहन फूंक दिए गए कई थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी लगाकर अधिकारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी जब फौजी को आम जनता ने प्रतिनिधित्व नहीं दिया था तब इनका इतना आतंक उपद्रव था यदि नगर पालिका मंझनपुर की जनता ने इन्हें अध्यक्ष पद की कमान सौंप दी तो इनका कितना आतंक उपद्रव होगा अधिकारियों की क्या दुर्गति होगी आम जनता किस गर्त में पहुंच जाएगी इस तमाम बातों को लेकर नगर के मतदाता असमंजस की स्थिति में बने हुए हैं नगर पालिका परिषद मंझनपुर में फौजी को प्रत्याशी बनाए जाने के पीछे भाजपा के किस नेता ने भितरघात किया है चचाओं पर जाए तो शीर्ष नेतृत्व के नाम पर बड़ी कहानी बनाई गई है गांधी ब्रांड की भरमार रही है गांधी के दम पर प्रत्याशी बनने वाले से नगर की जनता कैसे नगर में विकास की उम्मीद करें कि नगर में कैसे अमन-चैन रहेगा भाजपा द्वारा बाहरी लोगों को प्रत्याशी बनाए जाने के गलत निर्णय के चलते आम मतदाता भाजपा शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय पर नगर पालिका के मतदान में करारा जवाब देने को तैयार है जिसका लाभ अन्य राजनीतिक दल के प्रत्याशियों को मिलता हुआ दिख रहा है कहीं विधानसभा चुनाव की तरह नगर निकाय के चुनाव में कौशांबी से भाजपा का सूपड़ा साफ ना हो जाए आम जनमानस के बीच यह चर्चा बड़ी तेजी से हो रही है।

### कारखाना स्वामी निवेश मित्र सिंगल विण्डों पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर लाइसेन्स प्राप्त करें

**कौशाम्बी।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति ने जनपद में स्थापित सभी कारखानों (कारखाना, मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स, राइस मिल, फ्लोर मिल, दाल मिल, आटो मोबाइल सर्विस सेन्टर, केल्ड स्टोरेज, आइस प्लान्ट इत्यादि) के स्वामियों को सूचित किया है कि वे अपने कारखानों का निवेश मित्र सिंगल विण्डों पोर्टल के माध्यम से कारखाना अधिनियम-1948 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकरण कराते हुए लाइसेन्स प्राप्त करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार वेधानिक कार्यवाही की जा सकती है।

### तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त सैफुद्दीन पुत्र भइया निवासी उजहिनी आइमा गोदाम थाना संदीपनघाट को तेरहमील तिराहा के पास से एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**चरवा नगर पंचायत से बेदाग छवि का भाजपा को नहीं मिल सका एक प्रत्याशी**

# प्रत्याशी बनाने में भाजपा ने किया छल! मतदाताओं को रास नहीं आ रहा पार्टी का प्रत्याशी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** स्वार्थ की राजनीति के चलते आम मतदाताओं की जगह जगह पर पार्टी नेता छीछालेदर कर कुर्सी हथियाने के जुगाड़ में लगे हैं लेकिन यह आम मतदाता भी मौके की तलाश में रहती है और पार्टी के गलत निर्णय पर वह दूसरे पक्ष को मतदान कर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मुंह पर करारा तमाचा जड़ देती है पुराने अनुभव पर जाएं तो विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी ने बाहरी लोगों को विधानसभा प्रत्याशी घोषित कर मतदाताओं के साथ छल किया था जिसका जवाब मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी के तीनों विधानसभा प्रत्याशी की पराजय कराकर शीर्ष नेतृत्व को जवाब दिया है लेकिन उसके बाद भी शीर्ष नेतृत्व ने अपनी आदत में सुधार नहीं किया है कठपुतली बनकर शीर्ष नेतृत्व काम कर रही है जिससे भाजपा का कौशांबी में सफाया होता दिख रहा है नगर निकाय के चुनाव में भी भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने मतदाताओं के साथ जमकर छल किया है पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं पदाधिकारियों को पार्टी प्रत्याशी नहीं बनाया गया है बल्कि दूसरे पार्टी के लोगों को टिकट देकर नगर निकाय चुनाव जीतने की रणनीति भाजपा ने बनाई है। कौशांबी जिले की चरवा नगर पंचायत से भारतीय जनता पार्टी ने दीपक कुमार पांडेय को भाजपा प्रत्याशी घोषित किया है दीपक कुमार पांडेय इसके पूर्व कांग्रेस पार्टी के कर्मठ नेता थे लोगों की जमीन हथियाना लोगों के साथ मारपीट करना आम जनता की इज्जत से खिलवाड़ करना इनकी आदत में शुमार था दीपक पांडेयकी हरकत के चलते पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल के सलाखों में भी भेजा था लेकिन अचानक भाजपा में दीपक पांडेय को नगर पंचायत चरवा से अध्यक्ष प्रत्याशी बनाए जाने के बाद कार्यकर्ता पदाधिकारी असमंजस की स्थिति में है आम मतदाता का कहना है कि गंदी छवि के दीपक पांडेय को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के पीछे भाजपा के जिस नेता का स्वार्थ छिपा है उस नेता के स्वार्थ को सफल नहीं होने दिया जाएगा नगर के लोगों का कहना है कि भाजपा के गलत निर्णय को भी मतदाता स्वीकार नहीं करेंगे प्रत्याशी बनाए जाने में बाहरी लोगों को वरीयता देकर तानाशाही दिखाने वाली भाजपा शीर्ष नेतृत्व को करारा जवाब देने के मूड में मतदाता है चरवा नगर पंचायत के मतदाताओ ने पार्टी के गलत निर्णय पर कठोर निर्णय लेने की रणनीति बनाई है। बाहर से आए हुए प्रत्याशी भाजपा कार्यकताओं की कद्र नहीं कर रहे हैं बेकद्री से नगर की जनता परेशान है असमंजस की स्थिति में फंसी नगर की जनता आने वाले मतदान में कठोर निर्णय कर विधानसभा चुनाव की तरह नगर निकाय के चुनाव में भी भाजपा का सूपड़ा साफ कर सकती है इस बात की आशंका पार्टी प्रत्याशी को भी है जिससे वह भी बौखलाहट में दिखाई पड़ रहे हैं और आए दिन लोगों से उलझते देखे जाते हैं लोगों को देख लेने की धमकी देते हैं भाजपा द्वारा दागी छवि के दीपक पांडेय को प्रत्याशी बनाए जाने का लाभ अन्य प्रत्याशियों को स्पष्ट मिलता दिख रहा है।

## जन संपादकीय

# स्त्रियां भी अभी मूल अधिकारों से वंचित

**देश** की जनसंख्या में बड़ी भागीदारी रखने वालीदेश की विशाल जनसंख्या मैं 50% की भागीदारी रखने वाली राष्ट्र की संवेदनशील माताएं ,बहने अपने मूल तथा सार्थक अधिकार की तलाश में अभी भी संविधान और सरकार की तरफ आस लगाए इंतजार में बैठी हुई है। स्त्रियों का एक बड़ा तबका अभी भी अपनी स्वतंत्रता एवं मौलिक अधिकार से वंचित है। महिलाओं का विकास जितना विशाल आभासी रूप से दिखाया जा रहा है, वास्तविकता एवं धरातल पर स्थिति वैसी नहीं है। महिलाओं के भौतिक रूप से विकास के लिए एक जन अभियान और पृथक समेकित योजना की आवश्यकता देश में होगी तब जाकर महिलाओं के सशक्तिकरण की बात अपनी मूल भावना को प्राप्त कर पाएगा।

भारतीय गणतंत्र में 15वीं राष्ट्रपति के रूप में महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी के निर्वाचित होने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और आदिवासी महिलाओं के लिए विकास के नए द्वार खुलने की संभावनाएं बलवती हो गई हैं। माननीय राष्ट्रपति को महिलाओं के संघर्ष, जिजीविषा और नैतिक मूल्यों की पोषक होने का पर्याय माना जा रहा है। उनके राष्ट्रपति चयनित होने के साथ-साथ आदिवासी वर्ग में और खासकर समग्र रूप से महिलाओं में नई ऊर्जा,शक्ति तथा उत्साह का संचार हुआ है। अब भारत देश के क्रमिक विकास में महिलाओं की भागीदारी में निश्चित तौर पर इजाफा होना चाहिए, आदिवासी महिला के सर्वोच्च राष्ट्रपति जैसे गरिमामई पद में चयन होना भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। वर्तमान में भारत की विशाल जनसंख्या में 45% से 50% भागीदारी महिलाओं की है । महिलाओं को अभी उनके हक का अधिकार एवं भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, ऐसे में रक्षा प्रतिरक्षा क्षेत्र में महिलाओं की भर्ती एक अच्छे संकेत के रूप में सामने आ रही है' आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में साहस, शौर्य और ऊर्जा का बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रही हैं, महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब इसमें सशस्त्र बलों यानी डिफेंस सर्विस भी अछूता नहीं रहा सबसे बड़ी बात स्वतंत्र भारत की दूसरी रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण बनी थी इसके पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम रक्षा मंत्री रही थी' अब कोई भी क्षेत्र ऐसा अछूता नहीं रहा जहां महिलाओं ने अपनी सशक्त दस्तक ई पहचान ना कराई हो, यह तो पूर्व से ही कहा गया है यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो सिर्फ एक पुरुष शिक्षक होता है किंतु यदि आप किसी महिला को सर्वांगीण शिक्षा देते हैं तो आने वाली संपूर्ण पीढ़ी को शिक्षित कर रहे हैं ।नारी शक्ति को अब ज्यादा दिनों तक देश की प्रगति विकास के योगदान से परे नहीं रखा जा सकता है' परिवार की धुरी महिलाएं होती है परिवार से घर बनता है धर से समाज और समाज और संपूर्ण समाज से एक सशक्त राष्ट्र की बुनियाद रखी जाती है। इस तरह देश की बुनियाद ही स्त्री सशक्तिकरण है' महिलाएं अच्छी तरह समझती हैं कि घर से लेकर देश की सीमा तक उन्हें व्यवहार कर देश के विकास और उसकी रक्षा में उन्हें किस तरह योगदान देना है। महिलाओं के बिना देश की प्रगति एवं विकास की कल्पना सर्वथा बेमानी है' सशक्त माताएं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती हैं' और सीमा रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी इसका एक बड़ा उदाहरण और प्रतिफल है इन उदाहरणों में से प्रथम लेफ्टिनेंट सुनीता अरोड़ा ,प्रथम एयर मार्शल पद्मावती बंदोपाध्याय ,कैप्टन मिताली मधुमिता ,भारत में आए अमेरिकी राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर देने वाली प्रथम विंग कमांडर पूजा ठाकुर ऐसे अधिकारियों के नाम है जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है एवं महिलाओं के प्रति सारी अवधारणाओं को गलत साबित कर एक सशक्त छवि को निरूपित किया है' महिलाओं की शारीरिक बनावट तथा उनके शारीरिक विन्यास को देखते हुए प्रतिरक्षा सेवा में उनकी भूमिका बहुत कम रही है,हम मां दुर्गा भवानी की पूजा करते हैं और महिलाओं को कमजोर समझते हैं। किंतु उनकी शक्ति को उनकी भागीदारी को अंततः स्वीकार किया गया और 1992 में पहली बार भारतीय सेना में महिलाओं के लिए द्वार खोले गए एवं 25 महिला कैंडिडेट को ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी गया में ट्रेनिंग दी गई इसके पूर्व सिर्फ चिकित्सा सेवा में महिलाओं को नियुक्त किया जाता रहा है। सेना में इनकी भागीदारी होते हुए भी इन्हें पुरुषों के समान अधिकार नहीं दिए गए थे, महिलाएं रक्षा सेवा में विधिक, शिक्षा, इंजीनियरिंग, इंटेलिजेंस तथा ऐयर सिग्नल कोर में अपनी सेवाएं देती रही हैं ।महिलाओं को केवल शॉर्ट सर्विस कमिशन जाने की 14 साल तक के लिए कमीशन किया जाता रहा जबकि पूरे समय के लिए केवल पुरुषों को ही सेना में भर्ती किया जाता था' 2008 में उच्च न्यायालय के निर्देश पर महिलाओं को परमानेंट कमिशन पर रखा जाने लगा।यह नारी सशक्तिकरण के लिए एक सशक्त मील का पत्थर साबित हुआ' सेना की सैन्य प्रमुखों की समिति ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की नियुक्ति पर स्थाई कमीशन की सिफारिश तो की किंतु इन्हें लड़ाकू सैनिकों की भूमिका देने से इनकार कर दिया उसके पीछे यह दलील दी गई की महिलाओं को लड़ाई के मैदान में भेजना उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए ठीक नहीं एवं देश की संस्कृति के अनुसार महिलाओं को दुश्मन से लड़ने भेजना अथवा दुश्मन द्वारा पकड़े जाने पर उचित नहीं होगा। इसलिए महिलाओं को फ्रंटलाइन में नियुक्त किया जाना उचित नहीं होगा किंतु बाद में कुछ संशोधन किए जाने के पश्चात महिला अधिकारी कॉम्बैट जोन में पदस्थ की जाने लगी किंतु समाज का नजरिया महिलाओं के संदर्भ में बदलने लगा एवं 2016 में सशस्त्र बलों के कॉम्बैट क्षेत्र में महिलाओं को नियुक्ति देने की बात स्वीकार की गई इसमें दुनिया में कुछ देश ही हैं जिन्होंने महिलाओं को वार फ्रंट पर नियुक्त किया है। पूर्व के थल सेना प्रमुख बिपिन रावत ने भी कहा था कि हम महिला और पुरुष को समान रूप से देखना चाहते एवं इसके लिए जल थल और वायु सेना एक रूपरेखा तैयार कर रही है जिसके सुखद परिणाम भी होंगे,सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत रूप से सामने आएगी एवं पुरुषों की भांति देश की रक्षा तथा दुश्मनों से लोहा लेने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीं।

# एक आंख में विश्वगुरु, तो दूजे में डॉन बनने का स्वप्न

**डॉ. दीपक पाचपोर**

**नई पीढ़ी को** इन मूल्यों व आदर्शों को नहीं दिखाया जा रहा है। उल्टे, वे यह भी देखते हैं कि डॉननुमा लोगों का समाज में न केवल खौफ है बल्कि उन्हें सम्मान भी मिलता है- इतना सम्मान कि उनके लिये विधानसभा और संसद तक पहुंचने के रास्ते आसान या खाली कर दिये जाते हैं। युवा यह भी देखते हैं कि वे (अपराधी) चाहे किसी सदन तक पहुंचे या न पहुंचे, समाज में उन्हें हर कोई झुक-झुककर सलाम करता है। भयानक यह नहीं है कि करीब 40 साल से आतंक का पर्याय बने एक माफिया सरगना को तीन युवा ठोंक कर चले जायें; क्योंकि ऐसी सैकड़ों हत्याएं देश देख चुका है। राजनीति से लेकर कारोबारी जगत और अंडरवर्ल्ड में इससे भी खूँरेजी मनोहर कहानियां सभी लोग देख चुके हैं; खौफनाक यह भी नहीं है कि एक लोमहर्षक हत्या पुलिस के बड़े बंदोबस्त में अभिरक्षित मुजरिमों के साथ हो जाती है। उसके भी कई-कई उदाहरण हमारे सामने पहले से मौजूद हैं; यह घटना केवल इसलिये डरावनी नहीं है कि वारदात को अंजाम देने वाले नौजवान लगातार गिरते हुए स्तर के बावजूद अब भी एक सम्मानित पेशे (मीडिया) के प्रतिनिधि बनकर आये थे। इस हद तक तो नहीं पर पत्रकार बनकर आये व्यक्तियों द्वारा अक्सर गाली-गलौज या मारपीट करने और किसी नेता या व्यक्ति पर जूते उछालने की घटनाएं भी इसी देश में हो चुकी हैं; इसमें भयंकर यह भी नहीं है कि इस शुद्ध आपराधिक हरकत का साम्प्रदायिक और धार्मिक एंगल ढूंढ़ा जा रहा है- वह तो अब आम चलन में है; भयावह यह इसलिये भी नहीं है कि इस कारनामे का महिमामंडन हो रहा है। अब तो भारत की सार्वजनिक जीवन प्रणाली का यह नवाचार है। असल भयानक तो वह मकसद है जो हत्या करने के बाद उस तीन सदस्यीय समूह के प्रमुख ने बतलाया है- 'छोटा-मोटा अपराध कब तक करते रहेंगे। हमें माफिया डॉन बनना है तो कोई बड़ा कारनामा करना जरूरी था जिससे हमारा आतंक कायम हो।' अगर यह सही है तो समाज के शरीर में झुरझुरी भरने के लिये यह काफी होना चाहिये। समाज यदि इस बयान की गंभीरता को नहीं समझ सकता तो



जान लीजिये कि सब कुछ बदल डालने के इस नये परन्तु विकृत युगबोध ने देश को अंदर से पूरी तरह से सड़ा दिया है। जिन्हें दीमक द्वारा खाई जा चुकी लकड़ी पर किया गया यह रंग-रोगन आकर्षित कर रहा है, तो तय है कि एक बहुत ही डरावना भविष्य भारत का बेसब्री से इंतजार कर रहा है- वह भी वक्त के बहुत थोड़े से फासले पर। शनिवार की रात इलाहाबाद के एक अस्पताल के सामने जब तीन युवाओं द्वारा माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या 'प्वाईंट ब्लैंक रेंज' कही जाने वाली नजदीकी से कर दी गई, तो उसे लेकर अनेक तरह के सवाल खड़े हो जाते हैं। मसलन, कि इनके पीछे कौन हैं, क्या यह करतूत खुद इन युवाओं की है या उनके पीछे कोई और राजनैतिक ताकत हैं? फिर, बेहद कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के हाथों में 6 से 8 लाख रुपये कीमत की पिस्तौलें आई कहां से? इस विषय को 'क्राइम पेट्रोल' या 'सीआईडी' जैसे टीवी धारावाहिकों के पटकथा लेखकों के हवाले न कर हर उस व्यक्ति को इस घटना पर सोचना होगा जिसकी लोकतंत्र में थोड़ी सी भी गंभीर भागीदारी है; और जो देश का भला चाहता है- आने वाली पीढ़ियों समेत। हत्या करने के अंजाम से वे युवक वाकिफ थे ही । चूंकि वे मारे गये माफियाओं द्वारा प्रताड़ित किसी परिवार के सदस्य भी नहीं थे, तो कयास लगाये जा रहे हैं कि किसी ने उनके हाथों में मौत उगलने वाले हथियार थमा दिये। उन्होंने तो केवल ट्रिगर दबाया है। हां, पहले उनमें वह हुनर जरूर पैदा किया गया होगा ताकि वार खाली न जाये। इसके बाद भी यदि वे डॉन बनने के लिये ऐसा कर बैठे हैं तो सोचना होगा कि यह मानसिकता कैसे और कहां से आई है। फिर, हर संजीदा व्यक्ति को यह भी सोचना होगा कि किसी के अपराधिक और राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिये युवाओं का इस्तेमाल कौन कर रहा है? उनकी आंखों में ऐसे रक्तरंजित अंजाम वाले सपने क्योंकर और इस कदर समा गये हैं कि युवाओं को अब शिक्षा का गिरता स्तर नहीं दिखता, बंद होते स्कूल नहीं दिखते, खत्म होता रोजगार नहीं दिखता, अधेड़ अवस्था को प्राप्त हो जाने के बाद का उनका अपना बचा हुआ जीवन नहीं दिखता। स्कूलों और कॉलेजों की कक्षाओं व लाइब्रेरियों को सूना छोड़कर धर्म, अपराध या राजनीति से प्रेरित होकर कट्टे और तलवारें लहराते युवाओं को नये तरह के सपने देने के लिये पूर्वस्थापित मूल्यों और आदर्शों को एक सुनियोजित तरीके से विनष्ट किया गया है। एक विवेकहीन और लम्पट समाज बनाने के पहले उदार और आधुनिक बोध से निर्मित मूल्यों व आदर्शों को देखने का नजरिया बदलना जरूरी था, सो वैसा किया गया। भारत में कुछ यूं हुआ कि जिन लोगों ने देश को आधुनिक, समृद्ध और वैज्ञानिक चेतना से युक्त समाज बनाया, उन्हें पहले बदनाम किया गया, तत्पश्चात उनकी निरर्थकता साबित की गई। जीवन के श्रेष्ठ तत्वों को हमारी कमजोरी बतला दिया गया। मसलन, अहिंसा को कायरता, उदारता को किसी के आगे आत्मसमर्पण, धर्मनिरपेक्षता को तुष्टिकरण, समानता को अव्यवहारिक, बन्धुत्व को असम्भाव्य और सत्य को कबाड़। ऐसा करने वाले जानते हैं कि यह सब किये बिना लोग, विशेषतः युवा उनकी मर्जी के मार्ग पर हांके नहीं जा सकेंगे। नई पीढ़ी को इन मूल्यों व आदर्शों को नहीं दिखाया जा रहा है। उल्टे, वे यह भी देखते हैं कि डॉननुमा लोगों का समाज में न केवल खौफ है बल्कि उन्हें सम्मान भी मिलता है- इतना सम्मान कि उनके लिये विधानसभा और संसद तक पहुंचने के रास्ते आसान या खाली कर दिये जाते हैं। युवा यह भी देखते हैं कि वे (अपराधी) चाहे किसी सदन तक पहुंचे या न पहुंचे, समाज में उन्हें हर कोई झुक-झुककर सलाम करता है। एक सुनियोजित तरीके से उनकी आंखों से डॉक्टर, इंजीनियर. सीए, अफसर, वैज्ञानिक, समाज सेवक, बुद्धिजीवी बनने के सपनों को डिलीट कर दिया गया है। पढ़ना-लिखना ही बेकार है- यही बतला दिया गया है। दरअसल देश के अनेक सपने हटे हैं, तभी तो माफिया बनने के सपनों की आंखों में जगह बन पाई है। माफिया बनने का सपना देश के युवाओं की आंखों में आखिर आया कहां से? यह इसी मामले को देखने से समझा जा सकता है। नफरत, संकीर्णता, कट्टरता और हिंसा के कारण दीमक घर के हर कोने तक किस प्रकार से फैल गई है, उसका पता तो इस बात से चल जाता है कि बड़ी संख्या में लोग इस हत्या को सही ठहराने के लिये कई तरह के तर्क दे रहे हैं। इनमें से प्रमुख हैं- कोर्ट-कचहरी की कछुआ चाल, पुलिस की मिली-भगत, जैसे को तैसा, इनके साथ यही होना चाहिये, वगैरह... वगैरह। क्या एक सभ्य समाज में अदालतों की जिम्मेदारियां तमंचेबाज उठाएंगे या फिर खुद को स्थापित होने का अवसर कोई सड़क पर तलाशेगा अथवा पढ़ने-लिखने की बजाय बम, पिस्तौल के धमाके कर कोई युवा अपने विकास की राह बनाएगा? क्या ऐसे तत्वों और ऐसी मानसिकता का उन्मूलन न कर खुद सरकारें ही अपनी अदालतों को गैर जरूरी साबित करने पर नहीं तुली हुई हैं? क्या भारत उसी मध्ययुग की ओर लौटना चाहता है जब बाहुबलियों का वर्चस्व होता था और कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं हुआ करती थी? एक माफिया डॉन को खत्म करने के बाद क्या युवाओं के दिमाग में यह ख्याल बिलकुल नहीं आता कि आने वाले समय में उसे भी खत्म कर कोई तीसरा डॉन पैदा होगा। फिर चौथा और फिर पांचवा...। आखिर इस श्रृंखला को तोड़ने का दायित्व कौन लेगा? इस भयानक सिलसिले को अगर विराम देना है तो युवाओं की आंखों में सभ्य, मानवीय, विवेकपूर्ण, आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से तरक्की करने के सपने भरने होंगे; और दिलों में वे आदर्श और मूल्य वापिस बिठाने होंगे जिनके लिये भारत जाना जाता है। सत्ता और पूंजी पर कब्जा बनाये रखने की इच्छुक ताकतें तो ऐसा होने नहीं देंगी। यह शेष समाज की जिम्मेदारी है, वरना युवा पीढ़ी की एक आंख में विश्वगुरु बनने का काल्पनिक सपना होगा, तो दूसरी आंख में माफिया बनने का खूंखार स्वप्न। दोनों का कोई मेल ही नहीं है

> एक माफिया डॉन को खत्म करने के बाद क्या युवाओं के दिमाग में यह ख्याल बिलकुल नहीं आता कि आने वाले समय में उसे भी खत्म कर कोई तीसरा डॉन पैदा होगा। फिर चौथा और फिर पांचवा...। आखिर इस श्रृंखला को तोड़ने का दायित्व कौन लेगा? इस भयानक सिलसिले को अगर विराम देना है तो युवाओं की आंखों में सभ्य, मानवीय, विवेकपूर्ण, आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से तरक्की करने के सपने भरने होंगे; और दिलों में वे आदर्श और मूल्य वापिस बिठाने होंगे जिनके लिये भारत जाना जाता है

**(लेखक 'देशबन्धु' के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# मेडिकल टूरिज्म में छलांग लगाता भारत

**आर.के. सिन्हा**

**भारत को मे**डिकल टुरिज्म के हब के रूप में स्थापित करने को लेकर जो कोशिशें बीते कुछ सालों से चल रही हैं उनके सुखद परिणाम अब सामने आने भी लगे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्रीपद नाईक ने हाल ही में गोवा में आयोजित जी-20 से जुड़े के एक कार्यक्रम में बताया कि पिछले साल भारत में 14 लाख विदेशी पर्यटक मात्र इलाज के लिए भारत आए। जाहिर है, इनमें वे भी शामिल हैं जो रोगियों के साथ आए थे। यह आंकड़ा ही साबित करता है कि भारत की मेडिकल सुविधाओं को लेकर दुनिया में भरोसा बढ़ रहा है।

यह तो अभी शुरूआत है। अभी तो भारत को बहुत सी मंजिलों को पार करना है। आप दिल्ली,चंडीगढ़,मुंबई वगैरह के किसी भी प्रतिष्ठित अस्पताल में खुद जाकर देख लें। वहां आपको अनेक विदेशी रोगी और उनके परिजन बैठे मिल जाएंगे। इनमें अफ्रीकी और खाड़ी देशों के रोगियों की तादाद भी खासी रहती है। भारत में ओमन,इराक, मालदीव, यमन, उज्बेकिस्तान, सूडान वगैरह से भी रोगी आ रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान के संबंध सुधर जाएँ तो हर साल सरहद के उस पार से भी हजारों रोगी हमारे यहां इलाज के लिए आने लगेंगे। कुछ सीरियस मरीज तो अब भी आते हैं। कहना नहीं होगा कि इन रोगियों के भारत में आने से देश को अमूल्य विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होती है। जब भी एक रोगी भारत आता है तो उसके साथ दो-तीन रोगी की देखभाल के लिए सहयोगी भी आते हैं। ये महीनों होटलों में रहते हैं। भारत में हृदय रोग, अस्थि रोग, किडनी, लिवर ट्रांसप्लांट, आंखों और बर्न इंजरी के इलाज के लिए सबसे अधिक विदेशी रोगी आते हैं।

> लेकिन, अपने यहाँ भारत के अस्पतालों की साफ-सफाई और नर्सिंग व्यवस्था में सुधार तो करना ही होगा भारत में इलाज की बेहद कम लागत, उत्तम चिकित्सा तकनीकों और उपकरणों की उपलब्धता के चलते विदेशी मरीज यहां पर इलाज के लिए आते हैं। उन्हें यहां पर भाषा की समस्या से भी ज्यादा जूझना नहीं पड़ता। यहां पर अंग्रेजी बोलने वाले हर जगह मिल ही जाते हैं। यानी विदेशों से आए रोगियों के लिए भारत एक उत्तम स्थान है। कोरोना के आने से पहले भारत में मेडिकल टुरिज्म का बाजार 9 अरब डॉलर यानी 68 हजार 400 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान था। लेकिन, कोरोना ने इस पर ब्रेक लगा दिया। जानकारों का कहना है कि दुनियाभर में हर साल एक-सवा करोड़ से ज्यादा लोग इलाज के लिए दूसरे देशों में जाते हैं।

दुनियाभर में बसे भारतवंशी भी अब यहां पर इलाज के लिए आने लगे हैं। राजधानी के अपोलो अस्पताल से जुड़े हुए मशहूर प्लास्टिक सर्जन डॉ. अनूप धीर कहते हैं कि उनके पास हर महीने कुछ विदेशी रोगी इलाज के लिए आ जाते हैं।

अगर हमारे यहां भी इलाज सस्ता होता रहे तो यकीनन देश मेडिकल टुरिज्म के क्षेत्र में लंबी सफल छलांग लगाने की स्थिति में होगा। भारत के पास अत्यधिक योग्य चिकित्सा पेशेवर और अत्याधुनिक उपकरण हैं। इसके अलावा, भारत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से समझौता किए बिना अमेरिका और ब्रिटेन की तुलना में कम खचीर्ला उपचार विकल्प प्रदान करता है। भारत में इलाज का खर्च अमेरिका के मुकाबले करीब एक चौथाई है। यदि हम इस मोर्चे पर संभल कर चले तो फिर इलाज के लिए रोगी थाईलैंड, सिंगापुर, चीन और जापान जैसे देशों की बजाय भारत का ही रुख करने लगेंगे। ये सभी देश विदेशी रोगियों को अपनी तरफ खींचने की चेष्टा तो कर ही रहे हैं। मेडिकल टुरिज्म सालाना अरबों डॉलर का कारोबार है। इस पर भारत को अपनी पकड़ मजबूत बनानी होगी। इस क्षेत्र में भारत के सामने तमाम संभावनाएं हैं। दरअसल अब सारी दुनिया के लोग बेहतर इलाज के लिए अपने देशों की सरहदों को लांघते हैं। लेकिन, अपने यहाँ भारत के अस्पतालों की साफ-सफाई और नर्सिंग व्यवस्था में सुधार तो करना ही होगा भारत में इलाज की बेहद कम लागत, उत्तम चिकित्सा तकनीकों और उपकरणों की उपलब्धता के चलते विदेशी मरीज यहां पर इलाज के लिए आते हैं। उन्हें यहां पर भाषा की समस्या से भी ज्यादा जूझना नहीं पड़ता। यहां पर अंग्रेजी बोलने वाले हर जगह मिल ही जाते हैं। यानी विदेशों से आए रोगियों के लिए भारत एक उत्तम स्थान है। कोरोना के आने से पहले भारत में मेडिकल टुरिज्म का बाजार 9 अरब डॉलर यानी 68 हजार 400 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान था। लेकिन, कोरोना ने इस पर ब्रेक लगा दिया। जानकारों का कहना है कि दुनियाभर में हर साल एक-सवा करोड़ से ज्यादा लोग इलाज के लिए दूसरे देशों में जाते हैं।

अब हमें मेडिकल टुरिज्म को और मजबूत गति देनी होगी। हमें अपने मेडिकल क्षेत्र में फैली बहुत सी कमियों में सुधार भी करना होगा। हमारे यहां के कुछ सरकारी तथा निजी अस्पतालों में मेडिकल लापरवाही और मरीजों और उनके सम्बन्धियों के साथ दुर्व्यवहार के केस बढ़ते ही जा रहे हैं। निजी अस्पतालों में इलाज भी तेजी से क्रमशः महंगा होता जा रहा है। अब लगभग हर दूसरे दिन किसी अस्पताल में रोगियों के परिजनों और डॉक्टरों में मारपीट के समाचार भी मिलते रहते हैं। डॉक्टरों ने अपनी सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा कर्मी और बाउंसर भी रखने चालू कर दिए हैं। कहना न होगा कि डॉक्टरों और रोगियों के बीच झगड़ों के समाचार सुनकर विदेशी भारत में इलाज के लिए आने से पहले दस बार सोचते होंगे।देश के मेडिकल टुरिज्म में नई जान फूंकने के लिए केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य, विदेश, गृह और पर्यटन मंत्रालयों को मिल-जुलकर पहल करनी होगी। विदेशी रोगियों को तुरंत वीजा सुविधा देने के साथ-साथ यहां पर उन अस्पतालों पर भी नजर रखने की आवश्यकता है,जहां पर ये इलाज के लिए आते हैं। विदेशी रोगियों को बिचौलियों से भी बचाना होगा। इसके साथ ही, विदेशी रोगियों का इलाज कुछ बड़े सरकारी अस्पतालों में ही करने के लिए अलग विंग भी शुरू किया जा सकता है। दिल्ली के एम्स या राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) जैसे अस्पतालों में भी विदेशी रोगियों का इलाज हो सकता है। इनसे इलाज के बदले में मार्केट दर से पैसा लिया जाए। इस तरह के कदम उठाकर यह सरकारी अस्पताल अपने को आत्म निर्भर बनाने की स्थिति में भी होंगे। विदेशी रोगियों को एम्स तथा आरएमएल से काबिल डॉक्टर तो सारे संसार में मुश्किल से ही मिलेंगे। अगर बात मेडिकल टुरिज्म से हटकर करें तो भारत के टुरिज्म सेक्टर में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। यह सबको पता है। हमारे यहां सब कुछ तो है। यहां पर घने जंगलों में विचरण करते जानवर हैं, समुद्री तट हैं, पर्वत हैं, नदियां हैं मंदिर, मस्जिद, बुद्ध विहार, गिरिजाघर हैं। हमारे देश से बेहतर और विविध डिशेज कहीं हो ही नहीं सकतीं। बुद्ध और गांधी के भारत में कौन सा सच्चा घुमक्कड आना नहीं चाहेगा।

भारत में विदेशी पर्यटकों की आवक तो हर सूरत में बढ़ानी होगी। हमारे यहां पर जितने महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल हैं, उस अनुपात में हमारे देश में पर्यटक नहीं आते। भारत में ताजमहल, गुलाबी नगरी जयपुर, पहाड़ों की रानी दार्जिलिंग, असीमित जल का क्षेत्र, कन्याकुमारी, पृथ्वी का स्वर्ग कश्मीर समेत अनगिनत अहम पर्यटन स्थल हैं। इनके अलावा भारत में भगवान बुद्ध से जुड़े अनेक अति महत्वपूर्ण स्थल हैं। भारत में बौद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों के साथ एक समृद्ध प्राचीन बौद्ध विरासत है। हम बौद्ध की भूमि होने के बावजूद दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों को आकर्षित करने में क्यों असफल रहे। भारतीय बौद्ध विरासत दुनिया भर में बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत रुचिकर है। बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। भगवान बौद्ध ने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। इतना सब कुछ होने के बावजूद हमारे यहां विदेशी पर्यटकों का आंकड़ा सालाना तीन करोड़ तक भी नहीं पहुंचता। बेशक, ये विचारणीय बिन्दु है। इस पर सबको सोचना होगा।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# नया अवतार लेता खालिस्तान का विचार

**डॉ प्रियंका सौरभ**

**खालिस्तान** आंदोलन वर्तमान पंजाब (भारत और पाकिस्तान दोनों) में एक अलग, संप्रभु सिख राज्य के लिए लड़ाई है। ऑपरेशन ब्लू स्टार (1984) और ऑपरेशन ब्लैक थंडर (1986 और 1988) के बाद भारत में इस आंदोलन को कुचल दिया गया था, लेकिन यह सिख आबादी के वर्गों के बीच सहानुभूति और समर्थन पैदा करना जारी रखता है, खासकर कनाडा, ब्रिटेन, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में सिख डायस्पोरा में। हाल के दिनों में पंजाब में खालिस्तान अलगाववादी आंदोलन के विचार का प्रचार कर रहे सिख उग्रवादी जरनैल सिंह भिंडरावाले का अनुयायी अमृतपाल सिंह भागने में सफल रहा है। खालिस्तान आंदोलन की उत्पत्ति भारत की स्वतंत्रता और बाद में धार्मिक रेखाओं के साथ विभाजन के लिए खोजी गई है। पंजाब प्रांत, जो भारत और पाकिस्तान के बीच विभाजित था, ने सांप्रदायिक हिंसा देखी और लाखों शरणार्थियों को जन्म दिया। ऐतिहासिक सिख साम्राज्य की राजधानी, लाहौर, साथ ही गुरु नानक की जन्मस्थली ननकाना साहिब जैसे पवित्र सिख स्थल पाकिस्तान में चले गए। जबकि अधिकांश सिखों ने खुद को भारत में पाया, वे देश में एक छोटे से अल्पसंख्यक (जनसंख्या का 2%) थे। पंजाबी भाषी राज्य के निर्माण के लिए पंजाबी सूबा आंदोलन के साथ अधिक स्वायत्तता के लिए राजनीतिक संघर्ष शुरू हुआ। राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट (1955) ने इस मांग को खारिज कर दिया, लेकिन 1966 में पंजाब राज्य को पुनर्गठित किया गया (हिंदी-हिंदू-बहुसंख्यक हिमाचल प्रदेश और हरियाणा, और पंजाबी-सिख-बहुसंख्यक पंजाब में विभाजित)। पंजाबी सूबा आंदोलन ने अकाली दल को प्रेरित किया, जिसने पंजाब राज्य के लिए स्वायत्तता (भारत से अलगाव नहीं) की मांग करते हुए आनंदपुर साहिब प्रस्ताव (1973) को समाप्त किया। यह मांग 1971 तक वैश्विक हो गई थी - जब न्यूयॉर्क टाइम्स में एक विज्ञापन ने खालिस्तान के जन्म की घोषणा की। 1980 के दशक तक जरनैल सिंह भिंडरावाले की अपील सरकार के लिए मुसीबत खड़ी करने लगी थी। वह और उनके अनुयायी (ज्यादातर सामाजिक सीढ़ी के निचले पायदान से) तेजी से हिंसक हो रहे थे। 1982 में, अकाली दल के नेतृत्व के समर्थन से, उन्होंने धर्म युद्ध मोर्चा नामक सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया और पुलिस के साथ प्रदर्शनों और झड़पों का निर्देश देते हुए स्वर्ण मंदिर के अंदर निवास किया।

ऑपरेशन ब्लू स्टार (1984 में स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को बाहर निकालने और भिंडरावाले को बेअसर करने के लिए भारतीय सेना द्वारा) और ऑपरेशन ब्लैक थंडर (1986 और 1988) के बाद भारत में खालिस्तान आंदोलन को कुचल दिया गया था। जबकि ऑपरेशन अपने उद्देश्य में स्पष्ट रूप से सफल रहे, उन्होंने दुनिया भर के सिख समुदाय को गंभीर रूप से घायल कर दिया (स्वर्ण मंदिर को अपवित्र करके) और खालिस्तान की मांग को भी तेज कर दिया। आबादी का बड़ा हिस्सा उग्रवादियों के खिलाफ हो गया और भारत आर्थिक उदारीकरण की ओर बढ़ गया। पंजाब लंबे समय से शांतिपूर्ण रहा है, लेकिन यह आंदोलन विदेशों में कुछ सिख समुदायों के बीच रहता है। डायस्पोरा मुख्य रूप से ऐसे लोगों से बना है जो भारत में नहीं रहना चाहते हैं। इन लोगों में कई ऐसे लोग भी शामिल हैं जो 1980 के दशक के बुरे दिनों को याद करते हैं और इस तरह खालिस्तान का समर्थन वहां मजबूत बना हुआ है। ऑपरेशन ब्लू स्टार और स्वर्ण मंदिर की बेअदबी पर गहरा गुस्सा सिखों की नई पीढ़ियों में कुछ के साथ प्रतिध्वनित होता रहता है। हालाँकि, भिंडरावाले को कई लोगों द्वारा शहीद के रूप में देखा जाता है और 1980 के दशक को काले समय के रूप में याद किया जाता है, यह खालिस्तान के कारण के लिए ठोस राजनीतिक समर्थन में प्रकट नहीं हुआ है। एक छोटा अल्पसंख्यक है जो अतीत से जुड़ा हुआ है, और वह छोटा अल्पसंख्यक लोकप्रिय समर्थन के कारण महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इसलिए कि वे बाएं और दाएं दोनों से विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ अपने राजनीतिक प्रभाव को बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता के लिए खालिस्तान आंदोलन का पुनरुत्थान कश्मीर और पूर्वोत्तर विद्रोह के समान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। इससे पंजाब का भविष्य अंधकारमय हो सकता है, एक खराब कानून और व्यवस्था की स्थिति निवेशकों को पंजाब में निवेश करने से रोक सकती है, इस प्रकार इसकी अर्थव्यवस्था और बिगड़ती जा रही है और सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में प्रभाव फैल रहा है।

# एमएनसी कंपनी के चोंचले

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एमएनसी** कंपनियों में काम करने वालों को वीकेंड तक रुकना पड़ता है। एमएनसी कर्मचारी होना एक बात है तो सॉफ्टवेयर इंजीनियर होना उसमें भी अलग बात है। मैं एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूँ। नाम से सॉफ्ट और भावनाओं से बिल्कुल हार्ड हो गया हूँ। आप समझ गए होंगे कि मेरी पढ़ाई कहाँ हुई होगी। नहीं समझे? मिक्सर-ग्राइंडर रट्टा रटाऊ हाई स्कूल और कॉलेज में। यहाँ की पढ़ाई इतने हाई लेवल की होती है कि हर दिन मन करता था कि जाऊँ कह दूँ पिता जी से कि मैं मजदूरी कर लूँगा लेकिन वहाँ पढ़ाई कतई नहीं। लेकिन मेरी सोच कथनी से और कथनी करनी से दूर-दूर रहा करती थी। सो पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं हुई। महीने में चार बार सूर्यवंशम देख-देखकर मेरा सिर इतना पक गया कि उधर फिल्म में अमिताभ बच्चन की बहू कलेक्टर बनी और इधर मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर। मैं लेखक बनना चाहता था इसके लिए मेडिसिन की पढ़ाई की। बाद मैं पता चला कि ऐसा करने से मैं डॉक्टर बन जाऊँगा, जो कि मुझे कतई पसंद नहीं था। लेकिन माँ की खुशी के लिए पढ़ता गया। बाद मैं एमबीए किया।

क्यों किया, पता नहीं। मेरी पढ़ाई का सिंपल सा फंडा था। कुछ भी पढ़ो। कैसे भी पढ़ो। कुछ न कुछ बन ही जाओगे। सो सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन गया। मुझे नौकरी का पहला दिन आज भी याद है। सभी कर्मचारी कंप्यूटर में सिर घुसाए रोबो बने बैठे थे। मैं मैनजेर के पास गया। पूछा मुझे क्या करना है। उसने कहा झ्र हाई एंड डेटा एनालिसिस विथ इंटिग्रिटेड लॉजिस्टिक्स। इतना सुनना था कि मेरा माथा ठनठना गया। ससुरा सब्जेक्ट सुनकर बाल खड़े हो गए। काम करूँगा तो क्या हाल होगा। हर दशरथ मांझी को पहाड़ तोड़ने के लिए फगुनिया मिलती है मुझे भी एक फगुनिया मिल गई। उसने मुझे एक अच्छी बात सिखाई। उसने कहा झ्र जैसे रेल से मंजिल पर पहुँचने के लिए पहले स्टेशन जाना पड़ता है ठीक उसी तरह ऐसी कंपनियों में काम करने के लिए कहीं ट्रेनिंग लेकर आना पड़ता है। मैंने फगुनिया को धन्यवाद किया और जीवन की सबसे बड़ी सीख यह सीखी कि शहर में सहायता का मतलब दीवार से सिर पीटना है। मुझे समझ आ गया था कि इस कंपनी में काम करने के लिए प्रशिक्षण लेना जरूरी है।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस ने विभिन्न मामलों में छह लोगों को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी छेदीलाल पुत्र चैबा, हरी प्रसाद पुत्र साधू, राकेश मौर्या पुत्र सुन्दरलाल निवासी गोल तालाब कुंजनपुरवा कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया है। चैकी प्रभारी सीतापुर जनार्दन प्रताप सिंह की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी गोपी केसरवानी पुत्र भरतलाल निवासी रामघाट को दबोचा है। कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने वारंटी हनुमान श्रीवास्तव पुत्र स्व रामलखन निवासी बघौंड़ा को गिरफ्तार किया है। पहाडी थाने के दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा की टीम ने जालसाजी के वारंटी राम विनोद पाण्डेय पुत्र हरि प्रसाद निवासी खजुरिया को गिरफ्तार किया है।

### संयुक्त टीम ने पर्वों पर की संदिग्धों की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डॉग स्क्वायड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने नगर निकाय चुनाव एवं बैशाख मास की अमावस्या तथा ईदउलफितर पर्व के मद्देनजर संदिग्ध लोगों व वस्तुओं की जांच की।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में डॉग स्क्वॉयड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम ने नगर निकाय चुनाव व बैशाख मास अमावस्या तथा ईदउलफितर त्यौहार के मद्देनजर रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि स्थानों पर सघन जांच की।

जांच में पुलिस को अलबत्ता कोई संदिग्ध वस्तु अथवा व्यक्ति नहीं मिला। ये जांच एहतियातन की गई है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि इस तरह की जांच विभिन्न पर्वों में की जाती है, ताकि कोई हादसा न हो। जनता में जागरूकता भी कायम रहे।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी लाइंस श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने थाना मानिकपुर में हिस्ट्रीशीटर की जांच की समीक्षा की। उन्होंनें एलओआर के सभी शीर्षकों से प्रतिदिन आवश्यक कार्यवाही को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह दिशा-निर्देश दिये।

### रमजान माह में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे मोहल्लेवासी, बस्ती के ज्यादातर हैण्डपम्प बने शोपीस

**अखंड भारत संदेश**




मानिकपुर/चित्रकूट। कस्बे के महावीरनगर मोहल्ले में बूंद-बूंद पानी को बस्ती के लोग तरस रहे हैं। महावीरनगर में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के सामने पानी की समस्या दूर करने को तीन साल पहले लाखो रुपए खर्च कर शासन ने वाटर सोलर पैनल सेट लगवाया था। इससे काफी हद तक मोहल्लेवासियों की पानी की समस्या खत्म हो गई थी, लेकिन ये वाटर पैनल शेड एक वर्ष से बिगड़ा पड़ा है।

बुधवार को सभासद सद्दाम हुसैन व सपा नेता एजाज हसन ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। मोहल्ले में कहने को तो दर्जनों हैंडपंप लगे हैं, लेकिन एक-दो को छोड़कर सभी हैंडपंप ठूंठ बने खड़े है। कुछ हैंडपंप कूड़ो के ढेर में तब्दील हो गए हैं। इससे महावीरनगर के लोग मजबूरी में अन्य मोहल्लों व जिनके घर में बोर है, वहां से पानी लेने को मजबूर हैं।

महावीरनगर मुस्लिम बाहुल्य मोहल्ला है। रमजान का पावन माह चल रहा है। इसके बाद भी मोहल्ले में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही। जब से जल निगम का आफिस बांदा की जगह झांसी हो गया है, तब से जल निगम के जेई व संबंधित अधिकारियों से कोई सम्पर्क नहीं हो पाता। न ही बिगड़े हैंडपंप को जल्दी ठीक किया जाता है। आखिरकार शोपीस बने हैंडपंप व सोलर वाटर पैनल सेट को शासन-प्रशासन क्यों दुरुस्त नहीं करा रहा।

### तालाब में बने अवैध घरों को हटवाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के भौंरी गांव के वंशरुप के पुरवा में तालाब के गाटा संख्या 899 में अवैध ढंग से घर-मकान बने हैं। इस गाटा संख्या में अवैध ढंग से सरकारी कालोनी का भी निर्माण किया गया है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि तालाब के गाटा संख्या में बने अवैध निर्माण को तत्काल हटवाया जाये।

बुधवार को वंशरुप पुरवा के ग्रामीण जिला मुख्यालय आये। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग किया कि हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि तालाबों को सुरक्षित रखें। तालाबों के गाटा संख्या पर कोई अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि इसके बाद भी वंशरुप पुरवा के तालाब के गाटा संख्या 899 में तमाम कच्चे-पक्के घर बने हैं। ये सभी घर अवैध ढंग से बने हुए हैं। लोगों ने इन अवैध बने घरों को हटवाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने कहा कि तालाब के गाटा संख्या पर सरकारी कालोनी का भी अवैध ढंग से निर्माण करा दिया गया है। शासन से ग्रामीणों ने मांग उठाई कि तालाब में अवैध ढंग से बने मकानों को हटवाया जाये।

### पहाडी में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों में मचा हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र में संदिग्ध दशा में एक युवक ने कमरे में फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सवेरे शव लटका देखकर परिजनों में हाहाकार मच गया। कमरे की दीवार पर युवक ने पापा दर्द हो रहा, मैं परेशान हूं आदि वाक्य लिख रखे थे। आत्महत्या की ये घटना बुधवार को सवेरे पता चली। बताया गया कि पहाड़ी थाना के किसान मोहनलाल विश्वकर्मा के इकलौते पुत्र गोलू उर्फ मनेंद्र (20) ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सवेरे जब परिजन छत स्थित कमरे में गए तो फंदे से लटक रहे गोलू को देखकर चीख पड़े। गोलू बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। इस समय सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कालेज सपहा से परीक्षा दे रहा था। कमरे की दीवार पर कई वाक्य लिखे थे। ऐसा लगता था कि वह परेशानी में था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार नागर ने बताया कि ये आत्महत्या का मामला लग रहा है। युवक के घर वाले अंधविश्वास की बातें कर रहे थे। युवक के पिता ने बताया कि उसके बेटे पर कोई साया था। इस घटना को लेकर गांव में कई तरह की चर्चायें चल रही हैं।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों के बगावती तेवर प्रमुखों की छीन न लें कुर्सी

## प्रमुखों के कार्यों की जांच में हो सकता है बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के बाद जिले में क्षेत्र पंचायत सदस्य बड़ा उलटफेर करने की तैयारी में जुटे हैं। इससे कई क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की कुर्सी खतरे में दिखाई दे रही है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के आरोप हैं कि संबंधित क्षेत्रों में प्रमुखों ने ठेकेदारों से मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट कर रहे हैं।

बुधवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों में सुलग रही आग की जानकारी हुई। बताया गया कि ग्राम पंचायत में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रमुखों ने उन्हें नहीं दी जा रही। अन्य माध्यमों से कार्य की जानकारी मिलती है। इससे क्षेत्र पंचायत सदस्यों की नाराजगी प्रमुखों के खिलाफ साफतौर पर देखी जा रही है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के आरोप हैं कि क्षेत्र पंचायत प्रमुखों ने ठेकेदारों से विकास कार्यों के नाम पर खूब लीपापोती कराई है। गांवों में विकास कार्यों के नाम पर बड़े घोटाले सामने आ रहे हैं। सबसे बड़ा घोटाला स्ट्रीट लाइटों में देखने को मिल रहा है, जहां थर्ड क्वालिटी की स्ट्रीट लाइटों का मनमानी ढंग से भुगतान हुआ है, जबकि स्ट्रीट लाइटें जल्दी ही खराब हो गई हैं। आज भी नहीं जल रही हैं। रीबोर व निर्माण कार्यों में खूब लीपापोती कर सरकारी धन का बंदरबाट हो रहा है। क्षेत्र पंचायत प्रमुखों ने चहेते ठेकेदारों को काम सौंपकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की नाराजगी से साफ जाहिर है कि नगर निकाय चुनाव के बाद जिले में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की कुर्सी छिन सकती है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के बगावती तेवर बड़ा उलटफेर न कर दें। सदस्यों के आरोप हैं कि प्रमुखों ने लुभावने वादे कर कुर्सी हथियाई थी। वही प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कोई कार्य नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य चुनने वाली जनता उन पर सवाल खड़े कर रही है। सदस्यों ने दबी जुबान में यह तक कह डाला कि जिले के पांचों ब्लाकों में चुने क्षेत्र पंचायत प्रमुख सत्ताधारी दल के रसूखदार नेता हैं, जिनकी पहुंच ऊपर तक है। इससे उनके खिलाफ आवाज नहीं उठ पा रही। सत्ता की आड़ में प्रमुखों ने विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का मनमानी ढंग से बंदरबाट कर रहे हैं। प्रमुखों के कराए विकास कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाये तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकता है।

# 16 घंटे के अन्दर पुलिस ने बरामद किया चोरी की स्कूटी

## भरतकूप पुलिस ने तमंचा व अवैध ढुलान में ट्रैक्टर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने अजय सिंह आरख पुत्र देवराज सिंह निवासी रमपुरवा थाना भरतकूप को तमंचा व कारतूस समेत दबोचा है। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही मो इरफान व सतीश शामिल रहे।

बुधवार को इसी क्रम में अवैध खनन एवं अवैध ढुलान पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की टीम ने बिना कागजत के बालू का ढुलान करते एक ट्रैक्टर को सीज किया। विधिक कार्यवाही को परिवहन विभाग एवं खनिज अधिकारी को आख्या भेजी है।



एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय व कोतवाल कर्वी गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह की टीम ने स्कूटी चोरी की घटना का 16 घण्टे के अन्दर खुलासा किया है। आरोपी समेत स्कूटी बरामद की है। ज्ञात है कि 17 अप्रैल को शाम छह बजे श्रीमती सरोज यादव पत्नी रामेश्वर प्रसाद यादव निवासी पाण्डेय कालोनी कोतवाली कर्वी ने सूचना दी कि ज्ञान भारती स्कूल के पीछे से अज्ञात व्यक्ति ने स्कूटी नम्बर यूपी-96एम/3304 चुरा ली है।

पुलिस ने कोतवाली कर्वी में मामला दर्जकर कोतवाल ने स्कूटी बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी को चैकी प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिये।

सुरागरसी कर 18 अप्रैल को सवेरे साढे दस बजे बउवा उर्फ नरेन्द्र यादव पुत्र सुरेशचन्द्र यादव निवासी गोल तालाब कुंजनपुरवा कोतवाली कर्वी को दबोचकर उसके घर से चोरी की स्कूटी नम्बर यूपी-96एम/3304 बरामद किया। चोरी की स्कूटी बरामद होने पर माल बरामदगी की धारा बढाई गई। सूचना के 16 घण्टे के अन्दर स्कूटी चोरी की घटना का खुलासा किया गया। टीम में चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह, सिपाही शिवपूजन यादव व संजय पाल शामिल रहे।

# अमावस्या मेला में श्रद्धालुओं के साथ न करें दुर्व्यवहार

## यातायात प्रभारी ने टैम्पो चालकों को दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अमावस्या मेला के मद्देनजर रामघाट मेला क्षेत्र में चलने वाले ऑटो एवं टेंपो चालकों के साथ यातायात प्रभारी मनोज चैधरी ने बैठक कर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने एवं ओवरलोड सवारी न बैठाने के निर्देश दिये। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं से दुर्व्यवहार न करने की चेतावनी दी।

बुधवार को यातायात प्रभारी मनोज चैधरी ने रामघाट मेला क्षेत्र आटो व टैम्पो चालकों की बैठक कर निर्देश दिये कि



बैशाख माह की अमावस्या में दूर-दूर से श्रद्धालु तीर्थक्षेत्र आते हैं। श्रद्धालुओं से निर्धारित किराये से ज्यादा की वसूली न करें। श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार भी न करें। उन्हें उचित किराया लेकर गंतव्य तक पहुंचाये। श्रद्धालुओं के साथ किसी तरह की बदतमीजी बर्दास्त नहीं की जायेगी। तीर्थक्षेत्र आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों के साथ अच्छा बर्ताव कर संदेश दें कि तीर्थक्षेत्र के लोग अच्छे हैं।

इसके पहले यातायात प्रभारी मनोज चैधरी ने बिना नम्बर प्लेट एवं बिना कागजात के वाहनों की जांच की थी। जांच में चार ट्रकों को सीजकर कानूनी कार्यवाही की थी। उन्होंने सर्वसाधारण से कहा है कि जिले में साढे छह बजे से शहर के अन्दर पूरी तरह से भारी वाहनों की नोइंट्री लागू है। इस नोइंट्री में बांदा की ओर से आने वाले वाहनों को बेडीपुलिया से आगे खुटहा मोड पर खडा करा दिया जाता है। इसी प्रकार से जिले की अन्य सीमाओं में भी वाहनों को खडा कराया जाता है।

### कोसमा बिजली घर पर 6 घंटे बंद रहेगी विद्युत व्यवस्था

**जलेसर। टूंडला** एटा जलेसर पैसेंजर लाइन के विद्युतीकरण कार्य के चलते कोसमा विद्युत स्टेशन पर 6 घंटे विद्युत व्यवस्था 19 अप्रैल प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक बिजली व्यवस्था भंग रहेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवर अभियंता कैलाश चंद्र ने बताया कि उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाने के लिए सूचना जारी की गई।

### कानपुर निकाय चुनाव : टिकट वितरण में जनप्रतिनिधियों पर मनमानी का आरोप

**कानपुर` आगामी** 11 मई को यहां होने जा रहे निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी को टिकट वितरण के मामले में भारी संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है।

पार्टी सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक इस बीच ऐसे अपराधी और दलाल भी सक्रिय बताए गए हैं, जिनके द्वारा 10 से लेकर 15 लाख रुपए तक में टिकट दिलाने के नाम पर वसूली किये जाने का भी दावा पार्टी के भरोसेमंद सूत्रों किया है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि इनमें से श्याम नगर क्षेत्र निवासी एक पूर्व ब्लाक प्रमुख नेता के हिस्ट्रीशीटर बेटे के नाम का भी जिक्र किया जा रहा है` साथ ही पार्षद की टिकट प्राप्त करने या फिर किसी को दिलाने में ऐसे भी लोग सक्रिय है जो कि सुरासुंदरी के सेवन के लिए भी कुख्यात माने जाते हैं।

पार्टी सूत्रों की माने तो भारतीय जनता पार्टी में पार्षद के लिए टिकट वितरण को लेकर जिस तरह से मारामारी चल रही है। उसके फलस्वरूप कभी भी विद्रोह जैसे हालात इसलिए पैदा हो सकते हैं क्योंकि जमीन से जुड़े पुराने समर्पित कार्यकताओं के स्थान पर प्रत्याशी बनाने के मामले में कुछ ऐसे लोगों को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है जो पार्टी में हाल में ही शामिल हुए हैं।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक टिकट वितरण में यह हालात पैदा करने के लिए सबसे बड़ी अहम भूमिका बड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों की बताई जाती है ,जो कि अपने उन खास लोगों को ही टिकट दिलवाने के लिए प्रयासरत हैं ,जिनका पार्टी में ना तो कभी कोई योगदान रहा और ना ही वह जनता के बीच अपनी कोई पहचान रखते हैं। इससे भारतीय जनता पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकताओं में अंदरूनी तौर पर भारी रोष भी व्याप्त बताया जाता है, जिसके फलस्वरूप वह कभी भी विद्रोह कर सकते हैं।

पार्टी सूत्रों का दावा यह भी है कि इनमें से कई पुराने कार्यकर्ता बागी उम्मीदवार के रूप में भी पार्षद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जो कि निकाय चुनाव जीतने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के भारी नुकसान का कारण भी बन सकता है।

# अध्यक्ष पद को किसी ने नहीं किया नामांकन

## - 24 अप्रैल तक है सुविधा -मानिकपुर में भाजपा दे सकती है ऊषा देवी को टिकट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के तीन दिन बीतने के बाद भी कर्वी नगर पालिका, मानिकपुर, राजापुर और मऊ नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के एक भी प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया।

बुधवार को नगर निकाय नामांकन प्रक्रिया शुरू हुए तीन दिन बीत गये हैं। अध्यक्ष पद की बात तो दूर सभासद पद के लिए भी मात्र मऊ में एक व्यक्ति ने पर्चा दाखिल किया है। संभावित अध्यक्ष और सभासद प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र कई सेटों में खरीदे हैं। लोगों का मानना है कि प्रमुख राजनीतिक दलों ने अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया। इससे नामांकन पत्र नहीं भरे जा रहे।

कुछ प्रत्याशी नामांकन करने को अच्छे मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं। नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के तहत जिले में 24 अप्रैल तक नामांकन करने की सुविधा दी गई है।

इसके चलते लोग मान रहे हैं कि अभी पर्याप्त समय है। 24 अप्रैल के पहले नामांकन प्रक्रिया में बाढ आने की सम्भावना है।

इसी क्रम में मानिकपुर प्रतिनिधि के अनुसार मानिकपुर नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा में हफ्तों से नगर पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर जोर-आजमाइश जारी है। भाजपा से सीताराम पासवान की पत्नी ऊषा देवी का टिकट तकरीबन फाइनल माना जा रहा है। औपचारिक घोषणा होना शेष है। आज-कल में कोर कमेटी की बैठक में ऊषा देवी के नाम पर मुहर लग सकती है। इससे भाजपाइयों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### उपजिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर विद्यालय से गायब मिले प्रधानाध्यापक

**सिकंदरपुर। टाउन प्राथमिक** विद्यालय सिकंदरपुर का 23 मार्च 2023 को औचक निरीक्षण में पहुंचे उपजिलाधिकारी ने विद्यालय पर बहुत सारी कमिया पाई ।जिसमे सबसे बड़ी बात तो यह पाया गया । कि उपजिलाधिकारी के पहुंचने पर प्राध्यापक सुशील कुमार अभी उपस्थित न होने के बावजूद उनका रजिस्टर पर हस्ताक्षर पाया गया जिसका संज्ञान लेते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष व विद्यालय के प्राध्यापक सुशील कुमार के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने उप जिलाधिकारी के आदेश के बाद निम्न आख्या पर स्पष्टीकरण मांगा गया की प्राध्यापक सुशील कुमार विद्यालय के उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बनाया गया परन्तु निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाया गया ।

विद्यालय के अध्यापको द्वारा अभिलेख मांगने पर असमर्थता दिखाया गया,यहाँ तक कि शिक्षा की गुडवत्ता का स्तर निम्नस्तर का पाया गया नोटिस द्वारा यह भी बताया गया है कि शिक्षा का स्तर भी निम्न है जिसका असर बच्चो के भविष्य पर पड़ेगा ।इसका जवाब जल्द से जल्द देने को कहा गया है अगर इसका जवाब जल्दी नही मिला तो कार्यवाही निश्चित होगी। सीधे तौर पर देखा जाय तो शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष होने का फायदा उठाते हुए सुशील कुमार न अपने विद्यालय आते है और न अपने अध्यापको का ध्यान रख पाते है जिससे जो आने वाले भविष्य के रूप में ये बच्चो के साथ खिलवाड़ करते है देखते है शिक्षा विभाग इनके इन कृत्यों का वाकई सजा देती है या हिला हवाली कर बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले इन शिक्षक नेताओ के साथ नजदीकियां बढ़ाती है या कार्यवाही कर बच्चो के भविष्य के साथ न्याय करती है ।

# साहूकार का एससी/एसटी एक्ट में फसाने की धमकी

**गाजियाबाद। हरपा**ल सिह चौहान पुत्र महाजीत सिह निवासी कडकड मॉडल थाना लिंक रोड नियर पुरानी मेगनम पेपर मिल्स के पास विद्या मन्दिर पब्लिक स्कूल वाली गली में पिक्षले 42 वर्ष से रहकर अपने बच्चो का पालन पोषण दिल्ली प्रेस चौक पर चाय की दुकान चलाकर कर रहा है तथा काफी आर्थिक रूप से कमजोर है और अपने ही गॉव कडकड मॉडल के एक साहूकार विजय कुमार से 20 हजार रुपए उधार ले लिए और अपनी पत्नि का इलाज करवाया और कहा कि मैं एक महिने में वापस दे दूंगा। किन्तु इलाज होने के दौरान पत्नि की मृत्यु 28 नवम्बर 2022 को हो गई जिस कारण प्रार्थी विजय कुमार को पैसा वापस नही दे सका

किन्तु विजय कुमार ने 20 हजार रूप्ये पर चक्रवर्ति ब्याज लगाकर लाखो रूप्ये से ज्यादा बनाकर धमकी देने लगा कि मैने अच्छे अच्छे लागो से पैसा ले लिया है।

तू है कौन मेरे सामने प्रार्थी ने हाथ जोडकर प्रार्थना कि वह पैसा दे देगा मुझे कुछ समय चाहिए इसी दौरान विजयकुमार ने एक प्रार्थना पत्र झूठा चौकी राधा कुजं में दे दिया।

जिस से पता चला कि विजय कुमार ने एसी /एस टी एक्ट में प्रार्थना पत्र दिया है जबकि प्रार्थी को नही पता कि विजय कुमार की जाति क्या है अब पता चला है कि विजय कुमार लोगो को पैसे देकर पुलिस से मिलकर ब्याज सहित पैसा वसूलता है प्रार्थी के घर के पीछे विक्रम पुत्र रोहताश रहता है जिनके साथ भी यही वाक्या किया जा चुका है प्रार्थी एक कमजोर व लाचार व्यक्ति है जो दमा की बिमारी से ग्रस्त है प्रार्थी का केवल यह दोष है कि वह जाति से ठाकुर है तथा विजय कुमार उन्हें झूठे व फर्जी मुकदमें में फँसाने की धमकी दे रहा है जिससे प्रार्थी काफी मानसिक तनाव में है जिस से प्रार्थी को अपार हानि होगी जिस की भरपाई नही हो पायेगी और पूरी तरह टूट जायेगा प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र भी दिया है जिसकी गम्भीर जॉच कर न्याय दिलाने की की प्रार्थी मांग कर रहा है।

### गंगा नदी से मिट्टी,बालू खनन से गांवों के बचे हुए मकानों पर भी खतरे के बादल मंडरा रहा

**बैरिया बलिया। स्थानीय** तहसील क्षेत्र के गोपालपुर,प्रसादछपरा दयाछपरा - नौरंगा गंगा नदी समीप अनवरत मिट्टी खनन से गांवों के बचे हुए मकानों पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों की माने तो मिट्टी तस्करों के डर से कोई भी कुछ कह नहीं पाता है।संबंधित जिम्मेदार देखकर भी नहीं देख पाते हैं।दुघटनाएं भी हो रही है फिर भी अधिकारियों के कान पर जूं भी नहीं रेंग रहा।क्षेत्रीय लोगो का कहना है कि ट्रैक्टर जब मिट्टी लोडकर चलते है तो उनका स्पीड इतना तेज रहता है की सड़क पर मिट्टी ही मिट्टी दिखाई देती है। ताज्जुब तो तब होता है कि वहीं स्थानीय चट्टी पर बैरिया पुलिस की ड्यूटी रहती है तथा मिट्टी लदे ट्रैक्टर निकलते रहते हैं।शनिवार की शाम तेज रफ्तार जा रहे मिट्टी लदे ट्रैक्टर से ही सुघरछपरा निवासी विजय पांडेय दुर्घटना ग्रस्त हो गए जिनका इलाज सदर अस्पताल बलिया में चल रहा है।क्षेत्र के रिपुंजय पांडेय,दुर्गा शंकर पांडेय,केदार पाल,रामजी शर्मा मुन्ना प्रसाद आदि का कहना है कि अगर अधिकारी मिट्टी खनन पर तत्काल रोक नहीं लगाते हैं तो तटवर्ती गांवों का अस्तित्व समाप्त व बाढ़ तथा कटान रुकने वाला नहीं है और दुर्घटनाएं भी होती रहेगी।भले सरकार बाढ़ व कटान रोकने के लिए कितना भी खर्च कर दे।जिला खनन अधिकारी द्वारा बताया गया कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है एवं सूचना मिलने पर माफियाओं के विरोध कानूनी कार्रवाई होती रहती है।

## भाजपा नेता चौथाईवाले ने नेपाल के शीर्ष नेताओं से की मुलाकात

**काठमांडू।** भारतीय जनता पार्टी के विदेश मामलों के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से मुलाकात की। चौथाईवाले पिछले तीन दिन से नेपाल के दौरे पर हैं। चौथाईवाले ने ट्विटर पर लिखा, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से आज मुलाकात कर उनको प्रधानमंत्री बनने की बधाई दी। इसके पहले उन्होंने नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों- शेर बहादुर देउबा और माधव कुमार नेपाल से अलग-अलग मुलाकात की।



चौथाईवाले ने उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से भी मुलाकात की। इन बैठकों में उन्होंने द्विपक्षीय हित के मुद्दों पर चर्चा की। नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में सड़क मार्ग से 16 अप्रैल को पहुंचे चौथाईवाले ने मानस खंड और नेपाल-भारत संबंधों पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय गोष्ठी में हिस्सा लिया था। इसी क्रम में वह काठमांडू पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चौथाईवाले का नेपाल के शीर्ष नेताओं से मुलाकात का कार्यक्रम है।

## भारतीय-अमेरिकी राधा अयंगर प्लंब बनी उप रक्षा सचिव, सीनेट ने की पुष्टि

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी राधा अयंगर प्लंब को उप रक्षा सचिव के रूप नियुक्त किया है। इसकी पुष्टि अमेरिकी सीनेट ने की है। सीनेट ने आज राधा अयंगर प्लंब की रक्षा के उप अवर सचिव के लिए मतदान किया। वह 68-30 के वोट से जीतीं।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राधा अयंगर प्लंब 'डिफेंस फॉर ऐक्विजिशन एंड सस्टेनमेंट' के उप अवर सचिव के पद के लिए नामित किया था। वह वर्तमान में रक्षा उप सचिव के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में सेवारत हैं और उन्हें जून 2022 में पेंटागन के शीर्ष पद के लिए नामांकित किया गया था। चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, राधा गूगल में विश्वास एवं सुरक्षा के लिए अनुसंधान एवं अंतर्दृष्टि की निदेशक थीं और व्यापार विश्लेषण, डाटा विज्ञान तथा तकनीकी अनुसंधान संबंधित टीम का नेतृत्व करती थीं। वह फेसबुक में ग्लोबल हेड ऑफ पॉलिसी एनालिसिस के रूप में भी सेवाएं दे चुकी हैं। उन्होंने रक्षा मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय और व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर कई वरिष्ठ पदों पर भी अपनी सेवाएं दी हैं।



## अब पाकिस्तान के सबसे बड़े चिड़ियाघर पर आर्थिक तंगी की मार, 145 साल बाद बंद होने की कगार पर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का सबसे बड़ा चिड़ियाघर 145 साल के बाद बंद होने के कगार पर है। दरअसल, यहां जानवरों के रहने की स्थिति बहुत खराब है। उन्हें बुरे व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें ठीक से खाना भी नहीं खिलाया जा रहा है।

नूरजहां नाम के एक 17 वर्षीय हाथी के साथ दुर्व्यवहार की खबरों के बाद संघीय और सिंध सरकारें कराची स्थित देश के इस दूसरे सबसे पुराने चिड़ियाघर को बंद करने पर विचार कर रही हैं। इससे पहले हाथी खराब स्वास्थ्य स्थिति में पाया गया था। सफल सर्जरी से गुजरने के बावजूद महीनों तक अपर्याप्त देखभाल के कारण हाथी की स्थिति और खराब हो गई है।

प्रांतीय सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, रहने की स्थिति बहुत खराब है और जानवरों की स्पष्ट रूप से देखभाल नहीं की जाती है। पशुओं को ठीक से चारा न दिए जाने की शिकायतें मिली हैं। इसलिए चिड़ियाघर को बंद करने का विकल्प विचाराधीन है, लेकिन अभी तक अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री और सांसद शेरी रहमान और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो ने मनोरंजन पार्क और चिड़ियाघर को बंद करने का सुझाव दिया है। अधिकारी ने कहा, हम जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने पर विचार कर रहे हैं।

## चीन की राजधानी बीजिंग के अस्पताल में भीषण आग, 21 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग के चांगफेंग अस्पताल की बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आए 21 लोगों की मौत हो गई। राहत कर्मियों ने 71 लोगों को बचा लिया है। इस हादसे के वायरल वीडियो में आग व धुआं के बीच लोग इमारत से कूदते दिखाई दे रहे हैं। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



हादसा इतना भयावह था कि आग की लपटें और इमारत से उठ रहे धुआं का गुबार काफी दूर तक दिखाई दिया। इस हादसे में बड़ी संख्या में लोग जख्मी हुए हैं। इनको अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## जी-7 देशों का खुले हिंद-प्रशांत पर जोर, भारत के साथ सहयोग बढ़ाने का संकल्प

**टोक्यो।** दुनिया के सात अमीर देशों के समूह जी-7 ने खुले हिंद प्रशांत क्षेत्र पर जोर देते हुए इसके महत्व को दोहराया है। जी-7 देशों अमेरिका, इंग्लैंड, जापान, इटली, जर्मनी, फ्रांस व कनाडा के विदेश मंत्रियों ने भारत के साथ सहयोग बढ़ाने का संकल्प भी लिया है।

जापान के नागानो में स्थित करुइजावा में तीन दिन तक चली बैठक में जी-7 के विदेश मंत्रियों ने मुक्त व खुले हिंद-प्रशांत को कानून के शासन के आधार पर समावेशी, समृद्ध, सुरक्षित क्षेत्र बनाने की बात कही। इस क्षेत्र में संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और



विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, मौलिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों सहित साझा सिद्धांतों की रक्षा सुनिश्चित करने को जरूरी बताया गया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाने के लिए भागीदारों का स्वागत करते हुए आसियान और इसके क्षेत्रीय भागीदारों के साथ अपने समन्वय को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। करते हैं। मंत्रियों ने प्रशांत द्वीप देशों के साथ साझेदारी की फिर से पुष्टि की और छोटे द्वीप विकासशील राज्यों पर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से प्राथमिकताओं व जरूरतों का समर्थन दोहराया।

## इजरायल और भारत को एक दूसरे पर भरोसा है : इजरायली मंत्री नीर बरकत

**इजरायली आर्थिक व उद्योग मंत्री ने कहा- दोनों देशों के बीच खास रिश्ता है**

**नई दिल्ली।** इजरायल में दो बंदरगाहों में से एक का अधिग्रहण भारतीय कंपनी को करने की अनुमति देना इस बात का प्रमाण है कि हम भारतीय व्यवसायियों, सरकार पर भरोसा करते हैं, हमें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या कह रहा है और कहां क्या चल रहा है। यह बात भारत दौरे पर आये इजरायली आर्थिक और उद्योग मंत्री नीर बरकत ने कही।

उन्होंने अडाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि दोनों देशों के लोग एक दूसरे को प्यार करते हैं, जो दोनों के बीच खास रिश्ते का प्रतीक है। इससे पहले बरकत ने भारतीय उद्योग परिसंघ



(सीआईआई) में अपने संबोधन में कहा कि भारत के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है और इजरायल भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का विस्तार करने का प्रस्ताव रखेगा। उन्होंने कहा कि इजरायल और भारत के लोग एक दूसरे से प्यार करते हैं। हम हमेशा भारत में रहने और व्यापार करने में सुरक्षित महसूस करते हैं। नीर बरकत ने कहा कि मंत्री के समक्ष मुक्त व्यापार समझौते का स्वभाविक रूप से विस्तार करने, कौशलपूर्ण ढंग से कारोबार का विकास करने और ज्ञान तथा अनुभव को जितना संभव हो उतना साझा करने का प्रस्ताव करूंगा।

मंत्री बरकत ने कहा कि दोनों पक्षों को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए पूरक क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जितना संभव हो, उतना व्यापक होना चाहिए क्योंकि मुक्त व्यापार लोगों को आपस में जोड़ता है। उन्होंने कहा कि इजरायल कृषि प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और खाद्य प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में बहुत अधिक योगदान कर सकता है । व्यापार में दोनों तरफ से देने के लिए काफी कुछ है। इजरायली मंत्री ने कहा कि भारत में 40 फीसदी लोग कृषि क्षेत्र में काम कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में भारत और इजरायल की तुलना करते हुए मंत्री ने कहा कि 50 साल पहले, 30-40 प्रतिशत लोग इजरायल में कृषि क्षेत्र में काम कर रहे थे लेकिन वर्तमान में पांच प्रतिशत से भी कम लोग आज इजरायल में कृषि क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर नीर बरकत ने कहा कि जब फ़िलिस्तीनी शांति करने की वास्तविक इच्छा के साथ आगे आएंगे तो हम उनके शांति स्थापित करेंगे। इससे पहले उनके लोगों द्वारा यहूदी लोगों पर हमला रोकने और मारने की पहल को बंद करना पड़ेगा। आतंकवाद से निपटने में अनुभव साझा करते हुए इजरायली मंत्री नीर बरकत ने कहा कि ईरान हमारे क्षेत्र में वैश्विक आतंकवाद का वित्तपोषण कर रहा है। यदि लेबनान में छद्म इजरायल को लक्षित करेंगे, तो हम ईरान को मारेंगे।

## ब्रिटेन की सरकार ने भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को गंभीरता से लेने का दावा किया

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने दावा किया कि लंदन में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को वह अत्यधिक गंभीरता से लेती है और राजनयिक मिशनों में आपराधिक घटनाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करती है।

ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री टॉम टगेनडट ने लेबर पार्टी के भारतीय मूल के सांसद नवेंदु मिश्रा के पूछे गए एक प्रश्न के लिखित जवाब में सोमवार को निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में यह जानकारी दी। टगेनडट ने कहा कि ब्रिटेन की सरकार पिछले महीने लंदन में भारतीय उच्चायोग में हुई क्षति और उसके कर्मचारियों पर हुए हमले को अस्वीकार्य मानती है। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय उच्चायोग की रक्षात्मक सुरक्षा को बेहद गंभीरता से लेती है। सरकार पूरे ब्रिटेन में मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें इस तरह की घटनाओं को रोकना और शीघ्रता से तथा मजबूती के साथ इसका जवाब देना शामिल है। 18 मार्च को लंदन में भारतीय उच्चायोग में हुई क्षति और उसके




कर्मचारियों पर हुए हमले को अस्वीकार्य मानती है। पुलिस के पास ऐसी घटनाओं से निपटने की पर्याप्त शक्ति है। गौरतलब है कि खालिस्तानी झंडे लहराते और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने लंदन में भारतीय उच्चायोग के ऊपर फहराए गए तिरंगे को 19 मार्च को उतारने का प्रयास किया था। घटना के बाद हिंसक उपद्रव के संबंध में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इसके बाद भारतीय उच्चायोग की इमारत पर एक अतिरिक्त तिरंगा लगाया गया है।

## नेपाल के राष्ट्रपति को इलाज के लिए भारत ले जाया गया

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से भारत ले जाया गया है। उन्हें सुबह नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पहुंचाया गया।राष्ट्रपति पौडेल के प्रेस सलाहकार किरण पोखरेल ने इसकी पुष्टि की है।

राष्ट्रपति के प्रेस सलाहकार किरण पोखरेल ने कहा कि उन्हें इलाज के लिए नई दिल्ली ले जाया गया है। राष्ट्रपति के साथ एक मेडिकल टीम भी गई है। राष्ट्रपति पौडेल के इलाज के दौरान पेट में संक्रमण पाया गया है। इलाज में शामिल डॉक्टर ने बताया कि उन्हें एंटीबायोटिक्स दी गई हैं। सीने में पानी अधिक होने के कारण उसे



बाहर निकाला गया है । लेकिन तबीयत बिगड़ने पर उन्हें नई दिल्ली ले जाया गया। रामचंद्र पौडेल को सांस लेने में तकलीफ होने पर कल (मंगलवार) काठमांडू के महाराजगंज में टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने अस्पताल पहुंचकर पौडेल का हालचाल जाना था। राष्ट्रपति को एक महीने में दूसरी बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पौडेल नौ मार्च को नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति चुने गए थे।

## अमेरिकी सांसद ने कहा- अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा, यह मजबूत संबंधों का प्रमाण

**वाशिंगटन।** अमेरिका का भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनना दो लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का प्रमाण है। यह बात एक भारतीय अमेरिकी सांसद ने कही। अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, अमेरिका और भारत के बीच व्यापार का तेजी से विकास हमारे लोकतंत्रों के बीच संबंधों के मजबूत होने का एक प्रमाण है, क्योंकि हमारी साझेदारी दोनों देशों और व्यापक दुनिया की समृद्धि और सुरक्षा दोनों को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि भले ही अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है, लेकिन यह आवश्यक है कि हम दोनों अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने और अमेरिकी रोजगार सृजित करने के लिए और विकास की अपार संभावनाओं को तलाशना जारी रखें। कृष्णमूर्ति ने हालिया खबरों के जवाब में कहा कि अमेरिका 2022-23 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है।

## पोलैंड में एक रैकेट का भंडाफोड़, पैसे चुराने के लिए पिलाते थे जहरीली शराब, 6 साल पहले मरे शख्स से खुलासा

**लंदन।** पोलैंड में घूमने गए एक ब्रिटिश शख्स को एक क्लब में जाना महंगा पड़ गया। पहले तो क्लब के स्टाफ ने कथित तौर पर खूब शराब पिलाई, जिससे शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में उन्हें लूट लिया। कहा जा रहा है कि स्टाफ ने जहरीली शराब परोसी थी। बता दें, शख्स ने डेढ़ स्टाफ ने जब बार-बार पूछा तो वह शॉट्स के लिए तैयार हो गए। इस दौरान उन्हें 90 मिनट में 22



से ज्यादा शॉट दिए गए, जिससे बाद में उनकी मौत हो गई।

**मरने के बाद लूटा**

इतना ही नहीं, जब मार्क क्लब में गिर गए तो कर्मचारियों ने उनसे 42,816 रुपये नकद लूट लिए। अधिकारियों के अनुसार, उनकी मृत्यु के समय उनके खून में अल्कोहल की मात्रा कम से कम 0.4 प्रतिशत पाई गई, जबकि जहरीली शराब की मात्रा 0.3 प्रतिशत या उससे अधिक होने की संभावना है।

**छह साल पहले की घटना**

बता दें, यह घटना साल 2017 में हुई थी। पोलिश की पुलिस ने हाल ही में कई नाइट क्लबों पर छापा मारा था। इस दौरान ब्रिटिश शख्स की मौत का मामला सामने आया। पुलिस ने इसे लेकर 58 लोगों को आरोपी माना है। उन्होंने 700 से अधिक आपराधिक आरोप भी दायर किए हैं।

**शख्स की नहीं की थी मदद**

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच में सामने आया है कि शख्स को जहरीली शराब दी गई थी। साथ ही मौके पर व्यक्ति को चिकित्सा सहायता नहीं दी गई थी। वहीं, पोलिश सेंट्रल पुलिस इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (सीबीएसपी) ने कहा कि क्लब एक रैकेट चलाता था, जिसमें वे ग्राहकों को उनके पैसे चुराने से पहले शराब पिलाते थे।

## नेपाल में एक्सप्रेस हाईवे बनाने वाली चीनी कंपनियों की देरी पर प्रधानमंत्री नाराज, किया निरीक्षण

**एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण पर एक अरब 75 करोड़ नेपाली रुपये खर्च होने का अनुमान**

**काठमांडू।** काठमांडू-तराई एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण कार्य में चीनी कंपनियों की देरी पर प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नाराजगी जताई है। नेपाली सेना की देखरेख में चीनी कंपनियों को काठमांडू-तराई एक्सप्रेस हाईवे का ठेका दिया गया है। इसका निर्माण नवंबर, 2024 तक पूरा हो जाना चाहिए, लेकिन अभी तक 25 फीसदी निर्माण भी पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य में देरी के चलते प्रधानमंत्री ने निरीक्षण करके प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री प्रचंड के साथ उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री पूर्ण बहादुर खड़का, भौतिक आधारभूत संरचना मंत्री



प्रकाश ज्वाला, जनरल प्रभुराम शर्मा और वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण कार्य को 11 पैकेज में बांटा गया है, लेकिन चीनी कंपनियों को ठेके सिर्फ छह पैकेज में दिए गए हैं। अनुबंध के मुताबिक नवंबर, 2024 तक निर्माण पूरा हो जाना चाहिए, लेकिन अभी तक एक्सप्रेस हाईवे का 25 फीसदी निर्माण भी पूरा नहीं हो सका है। बताया गया है कि पैकेज 1 और 2 में 10 किलोमीटर लंबी सुरंगें हैं। इस निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए क्रमशः चाइना स्टेन इंजीनियरिंग और पॉली चंडा इंजीनियरिंग को ठेका दिया गया। सड़कों और पुलों के ठेके चाइनीज कंपनी सिचुआन जेवी, पॉली चंडा इंजीनियरिंग और एसडीएलक्यू को दिए गए हैं। 72.5 किमी लंबे एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण पर एक अरब 75 करोड़ नेपाली रुपये खर्च होने का अनुमान है। निर्माण कार्य की अवधि बढ़ने के साथ ही लागत भी बढ़ेगी। एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण की अवधि बढ़ाने के लिए सेना पहले ही सरकार को पत्र लिख चुकी है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## दिल्ली में गुरुवार को खुलेगा एप्पल का स्टोर, टिम कुक करेंगे ग्राहकों का स्वागत

**नई दिल्ली।** दुनिया की अग्रणी प्रौद्योगिकी एवं आईफोन निमार्ता एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टिम कुक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पहले और भारत में दूसरे स्टोर का 20 अप्रैल को उद्घाटन करेंगे। कंपनी से जुड़े सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत में एप्पल के इस दूसरे स्टोर के उद्घाटन पर सीईओ टिम कुक खुमौजूद रहेंगे। वह इस समय राजधानी दिल्ली में ही हैं, जहां उनका कई हस्तियों से मिलने का कार्यक्रम है। इससे पहले टिम कुक ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मंगलवार को एप्पल के पहले स्टोर का उद्घाटन के




साथ स्टोर के दरवाजे खोलकर ग्राहकों का स्वागत भी किया था।

दिल्ली में एप्पल का पहला स्टोर साकेत के सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल में खुलने जा रहा है। ह्यएप्पल साकेतह्न नाम के इस स्टोर का डिजाइन दिल्ली के पुराने दरवाजों से प्रेरित है। हालांकि, आकार में यह मुंबई के स्टोर से थोड़ा छोटा है। एप्पल ने भारत में अपना पहला रिटेल स्टोर मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में खोला है। यह स्टोर रिलायंस इंडस्ट्रीज रिलायंस लिमिटेड (आरआईएल) के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में खोला गया है।